आश्विन शुक्ल - 9 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 90 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 23-10-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 उत्तर प्रदेश में नौकरी और रोजगार की कोई कमी नहीं : योगी आदित्यनाथ

सभी को आयुद्ध पूजा एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं

7 गाजा के अस्पताल में विस्फोट के लिए फलस्तीनी रॉकेट जिम्मेदार : फ्रांस

अवकाश की सूचना

सभी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को आयुद्ध पूजा एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं। **दक्षिण भारत राष्ट्रमत** कार्यालय में आयुद्ध पूजा के अवसर पर 23 अक्टूबर 2023 को अवकाश रहेगा। अगला अंक 25 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित होगा।

- व्यवस्थापक

सिद्धिदात्री

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैर सुरेरमररैरपि
सेव्यमाना सदा भूताय् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

मां दुर्गाजी की नवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देनेवाली हैं। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण के श्रीकृष्ण जन्मखंड में यह संख्या 18 बताई गई। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। मां सिद्धिदात्री की चार भुजाएं और वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन रहती हैं।

फर्स्ट टेक

काठमांडू में 6.1 तीव्रता का भूकंप, 20 घर क्षतिग्रस्त

काठमांडू/भाषा। नेपाल में रविवार की सुबह रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता के आये शक्तिशाली भूकंप के झटकों के कारण राजधानी काठमांडू दहल गया। भूकंप के कारण करीब 20 मकान क्षतिग्रस्त हो गये। भूकंप और इसके बाद आये झटकों से लोगों में दहशत फैल गयी और 2015 में आये भूकंप का वह मंजर याद करा दिया, जिसमें करीब 9000 लोगों की मौत हो गयी थी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सुबह सात बजकर 39 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र धाडिंग जिले में था।

23-10-2023 सूर्यास्त 5:45 बजे	24-10-2023 सूर्योदय 6:00 बजे

BSE	NSE
65,397.62	19,542.65
(-231.62)	(-82.05)

सोना	चांदी
6,364 रु.	78,700 रु.
(24 कैरेट) प्रति ग्राम	प्रति किलो

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

बेटी को मान दो

जहां पूज्य होती है बेटी,
वहीं दंश क्यों सहती है।
कापुरुषों के भय से हरदम,
सहमी-सहमी रहती है।
दुर्गा लक्ष्मी सरस्वती की,
जहां परंपरा महती है।
मान करें हर बेटी का हम,
मर्यादा यह कहती है।।

रूट मार्च

आरएसएस कार्यकर्ताओं ने रविवार को नवरात्रि समारोह के उपलक्ष में धारवाड़ में रूट मार्च निकाला।

'कोई भी खतरा अब बहुत दूर नहीं है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि संघर्ष और आतंकवाद के दुष्प्रभाव को रोके जा सकने की कोई भी उम्मीद अब संभव नहीं है। जयशंकर ने दुनियाभर में हो रही भू-राजनीतिक उथल-पुथल के संबंध में एक कार्यक्रम में कहा कि पश्चिम एशिया में अभी जो हो रहा है, उसका प्रभाव अब भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। विदेश मंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया में विभिन्न संघर्षों के परिणामों का असर नजदीकी भौगोलिक क्षेत्रों से कहीं अधिक दूर तक देखा जा रहा है। उन्होंने कहा, ''विभिन्न क्षेत्रों में छोटी-छोटी घटनाएं होती रहती हैं जिनके प्रभाव की अनदेखी नहीं की जा सकती है।''

जयशंकर ने आतंकवाद की चुनौती और शासन कला के रूप में

इसके इस्तेमाल पर भी बात की। उनकी इन टिप्पणियों को विभिन्न आतंकी समूहों को पाकिस्तान के समर्थन के संदर्भ के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा, ''इसका एक कम औपचारिक संस्करण भी है, जो बहुत व्यापक है। मैं आतंकवाद के बारे में बात कर रहा हूं जिसे लंबे समय से शासन कला के एक औजार के रूप में विकसित किया गया है।'' उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसी उम्मीद कि संघर्ष और आतंकवाद के दुष्प्रभाव को रोका जा सकता है, अब संभव नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि कोई भी खतरा अब बहुत दूर नहीं है।

भारत के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी कर रहे थे कनाडा के राजनयिक : जयशंकर

नई दिल्ली/वार्ता। भारत ने रविवार को कहा कि कनाडा के राजनयिकों की संख्या में साम्यता के अधिकार का प्रयोग इसलिए करना पड़ा क्योंकि वे लगातार भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी कर रहे थे जिसके बारे में आने वाले समय में पता चलेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज यहां एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि कनाडा में भारतीय उच्चायोग के राजनयिकों की सुरक्षा का सवाल भी जल्दी सुलझ जाएगा और वीसा सेवा भी जल्दी बहाल हो जाएगी। विदेश मंत्री ने कार्यक्रम में भारत कनाडा संबंधों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत एवं कनाडा के बीच स्थिति अभी काफी जटिल है। समस्या कनाडा के एक राजनीतिक वर्ग विशेष के कारण है जो कनाडा की नीतियों पर प्रभाव रखता है।

डॉ. जयशंकर ने कहा कि इस समय लोगों की सबसे बड़ी चिंता वीसा सेवा की है। कुछ सप्ताह पहले हमें यह सेवा बंद करनी पड़ी क्योंकि हमारे राजनयिकों के लिए वीसा जारी करना सुरक्षित नहीं रह गया था। उनकी सुरक्षा हमारे लिए सबसे बड़ी चिंता है। हमने अस्थायी रूप से वीसा सेवा बंद की है। हम बहुत निकटता से स्थिति का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा,हमें उम्मीद है और हमारी अपेक्षा है कि कुल मिलाकर स्थिति में सुधार आएगा। हमारे राजनयिकों में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा आएगा और वे अपने राजनयिक होने का सबसे बुनियादी दायित्व निभाने के लिए तैयार होंगे।

भारत रक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित है : जितेंद्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत आज रक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित है और साइबर सुरक्षा जैसे नए मोर्चो के लिए भी तैयार है।

डॉ. सिंह ने यहां यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) द्वारा आयोजित भारतीय सैन्य विरासत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, अतीत में पुराने हथियारों पर निर्भरता के विपरीत, हमारे सशस्त्र बल ड्रोन, हेलिबोर्न

ऑपरेशन और यूएवी सहित उन्नत हथियारों से सुसज्जित हैं और क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा जैसी नई सीमाओं के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत नई नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में अग्रणी देशों के समकक्ष है, जिनमें रक्षा परिदृश्य को बदलने की क्षमता है। यह न केवल देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाती है बल्कि भारत को रक्षा क्षेत्र में वैश्विक प्रौद्योगिकी के अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करती है। उन्होंने कहा,यह अतीत की बात है जब हमारी सेनाएं पुराने अस्त्रों का उपयोग करती थीं। हम विश्व के उन सात विशिष्ट देशों में से हैं जो क्वांटम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

श्रीनगर/भाषा। सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'भारतीय सेना, जम्मु कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों के 21 अक्टूबर 2023 को हुए संयुक्त अभियान में बलों ने बारामूला के उरी सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।'

कांग्रेस की दिलचस्पी सिर्फ गरीबों को गरीबी में रखने में है : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके लिए सार्वजनिक सेवा मुहैया कराना एक 'अलग अवधारणा' हो सकती है, क्योंकि उसकी एकमात्र दिलचस्पी 'गरीबों को गरीबी में रखने में' है।

यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर एक सरकारी आदेश पर आपत्ति जताई है। पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों को

सरकार की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों का 'प्रचार' करने का हालिया आदेश 'नौकरशाही का राजनीतिकरण' है। उन्होंने इस आदेश को वापस लेने की मांग की। अपने पत्र में खरगे ने दावा किया कि आदेश में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव जैसे उच्च रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को देश के सभी 765 जिलों में 'रथ प्रभारी' के रूप में तैनात किया जाना है, जो 'भारत सरकार की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों का प्रचार करेंगे'। नड्डा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मुझे यह देखकर आश्चर्य होता है कि कांग्रेस पार्टी को योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर तक लोक सेवकों के पहुंचने से समस्या है।'' कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शनिवार को वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के 18 अक्टूबर के उस आदेश को 'एक्स' पर साझा किया था, जो देश के 765 जिलों में से प्रत्येक में रथ प्रभारी (विशेष अधिकारी) के रूप में तैनात किए जाने वाले विभिन्न सेवाओं से संबंधित संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव रैंक के अधिकारियों को नामित किये जाने के संबंध में था।

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर दर्ज की विश्व कप में लगातार पांचवीं जीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धर्मशाला/वार्ता। भारत ने आईसीसी विश्व कप 2023 के 21वें मुकाबले में रविवार को मोहम्मद शमी के पांच विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी और फिर विराट कोहली के 95 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड पर चार विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

विश्वकप में भारत की लगातार यह पांचवी जीत है और वह तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने विश्व कप में न्यूजीलैंड को 20 साल बाद हराया है। इससे पहले वर्ष 2003 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के सेंचुरियन स्थित सुपरस्पोर्ट पार्क

स्टेडियम में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया था।

274 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और शुभमन गिल की भारतीय टीम की सलामी जोड़ी पहले विकेट लिये 71 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर की पहली गेंद पर भारत का पहला विकेट रोहित शर्मा 26 रन के रूप में गिरा। उन्हें फ़र्ग्युसन बोल्ड आउट किया। इसके बाद 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर फ़र्ग्युसन ने शुभमन गिल 26 रन को मिचेल के हाथों कैच आउट करा दिया। 22वें ओवर की तीसरी गेंद पर श्रेयस अय्यर 33 को बोल्ट ने कॉन्वे के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। के एल राहुल 27 को सेंटनर ने पगबाधा आउट किया। पांचवें विकेट के रूप में सूर्यकुमार यादव दो रन पर रन आउट हुए। भारत का छठा विकेट विराट कोहली 95 रन के रूप में गिरा। उन्हें 48वें ओवर की चौथी गेंद पर हेनरी ने फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराया। तब भारत जीत के बहुत करीब पहुंच चुका था।

गाजा, सीरिया, वेस्ट बैंक में विभिन्न ठिकानों पर इजराइल का हमला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राफा (गाजा पट्टी)/एपी। इजराइली युद्धक विमानों ने रात भर और रविवार को पूरे गाजा में विभिन्न ठिकानों पर हमले के साथ सीरिया में दो हवाई अड्डों और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक मस्जिद को निशाना बनाया जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे थे। इसके साथ, हमास के खिलाफ इजराइल का दो सप्ताह से जारी युद्ध अन्य मोर्चों पर भी भड़कने की आशंका है।

युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल ने लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के ठिकानों पर लगभग हर रोज

गोलाबारी की है। इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में भी तनाव बढ़ रहा है, जहां इजराइली सैन्य बल शरणार्थी शिविरों में आतंकवादियों की तलाश कर रहे हैं और हाल के दिनों में दो हवाई हमले किए हैं। कई दिनों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इजराइल सात अक्टूबर को हमास के अप्रत्याशित हमले की प्रतिक्रिया के रूप में गाजा में जमीनी आक्रमण शुरू करने की तैयारी में है। सीमा पर टैंक और हजारों सैनिक लामबंद हो चुके हैं।

इजराइली सेना ने माना है कि व्यापक निकासी आदेश के बावजूद उत्तरी गाजा में अभी भी हजारों फलस्तीनी नागरिक रूके हुए हैं, जिससे किसी भी तरह का जमीनी हमला और जटिल हो जाएगा। लेबनान और सीरिया में हमास के सहयोगियों के साथ व्यापक जंग छिड़ने का जोखिम भी है, जिसकी वजह से हो सकता है सेना अभी अभियान के लिए ठहरी हुई है। सहायता कर्मियों ने कहा है कि गाजा में बढ़ते मानवीय संकट के बीच अब तक बहुत कम राहत सामग्री पहुंची है, जहां क्षेत्र की 23 लाख आबादी में से आधे से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ चुके हैं। मरीजों और विस्थापित लोगों से भरे अस्पतालों में चिकित्सा आपूर्ति और जनरेटर के लिए ईंधन की कमी हो गई है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तवांग में सैनिकों के साथ दशहरा मनाएंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में एलएसी के नजदीक सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाएंगे। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री तवांग में ''शस्त्र पूजा'' भी करेंगे। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में सैनिकों के साथ दशहरा मनाने का सिंह का निर्णय ऐसे समय में आया है, जब भारत और चीन के बीच लगभग तीन साल से पूर्वी लद्दाख में गतिरोध जारी है। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा भी करेंगे। वह क्षेत्र में कुछ अग्रिम स्थानों का दौरा भी कर सकते हैं।

आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने तिरुमला में पूजा-अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुपति/भाषा। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने रविवार को तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

परिवार के सदस्यों के साथ नजीर ने मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना की और पुजारियों ने उन्हें 'शेष वस्त्रम' (दिव्य आशीर्वाद के प्रतीक कपड़े का एक टुकड़ा) भेंट किया।

इसके बाद वह आशीर्वाद लेने रंगनायकुला मंडपम में गए। राज्यपाल एस अब्दुल नजीर के आगमन पर पुजारियों, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष भुमना करुणाकर रेड्डी, कार्यकारी अधिकारी ए वी धर्म रेड्डी ने प्रवेश द्वार 'महा द्वारम' पर उनका स्वागत किया। तीर्थस्थल के अधिकारियों ने राज्यपाल एस अब्दुल नजीर को प्रसाद, देवता की एक लेमिनेटेड तस्वीर और टीटीडी का 2024 का कैलेंडर और डायरी भेंट की।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की, 'लाइव दर्शन' की सुविधा शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं के लिए 'लाइव दर्शन' की सुविधा शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के अध्यक्ष सिन्हा ने माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा पर रूपा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित 'भक्ति की शक्ति' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल 'महाअष्टमी' के अवसर पर मंदिर आए और केंद्र शासित प्रदेश की शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए प्रार्थना की। सिन्हा ने एसएमवीडीएसबी की वेबसाइट पर 'लाइव दर्शन' सुविधा और एक द्विभाषी चैटबॉट की भी शुरूआत की और श्रद्धालुओ को इसे समर्पित किया। 'लाइव दर्शन' की सुविधा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की व्यापक सुविधा के लिए यह पहल की गई है। इसके अलावा, तीर्थयात्रियों को प्रामाणिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से, आधिकारिक वेबसाइट के लिए एक द्विभाषी इंटरैक्टिव चैटबॉट 'शक्ति' विकसित किया गया है, जो तीर्थयात्रियों के सवालों एवं शिकायतों के समाधान में 24 घंटे मदद करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि चैटबॉट बोर्ड द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं पर सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करेगा और श्रद्धालुओं को उनकी यात्रा की योजना पहले से बनाने में बहुत जरूरी मदद प्रदान करेगा।

पुणे में निजी विमानन कंपनी का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुणे/भाषा। महाराष्ट्र के पुणे जिले के एक गांव के पास निजी विमानन अकादमी का प्रशिक्षण विमान रविवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार एक प्रशिक्षु पायलट और एक प्रशिक्षक घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान सुबह करीब आठ बजे बारामती तालुका के गोजुबावी गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

बारामती थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रभाकर मोरे ने कहा,' रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी का एक प्रशिक्षण विमान गोजुबावी गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक प्रशिक्षु पायलट और एक प्रशिक्षक घायल हो गए जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' उन्होंने कहा,'हादसे का कारण अभी सामने नहीं आया है। मामले में जांच जारी है।' निजी विमानन अकादमी के विमान से जुड़ी यह चार दिनों के अंदर हुई दूसरी घटना है। पुलिस के अनुसार, अकादमी का एक प्रशिक्षण विमान बारामती तालुका के कफ्ताल गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें एक पायलट घायल हो गया था।

अपनी एसयूवी श्रृंखला के लिए नया पेट्रोल इंजन विकसित कर रही है टाटा मोटर्स

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। टाटा मोटर्स एक नया पेट्रोल पावरट्रेन विकसित कर रही है जिसका इस्तेमाल उसके प्रीमियम स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) हैरियर और सफारी में किया जाएगा। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। ये मॉडल अभी दो लीटर डीजल इंजन के साथ आते हैं।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि इंजन बनाया जा रहा है और आगे चलकर इसे दो मॉडलों में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी ने केवल डीजल पावरट्रेन पर ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि उस खंड में प्रतिवर्ष करीब दो लाख इकाई का 80 प्रतिशत बाजार डीजल पर निर्भर है। इस खंड में हैरियर और सफारी आती हैं। चंद्रा ने कहा, '' हमारा शुरुआत में डीजल पर ध्यान एक साधारण कारण से गया कि इस एसयूवी खंड के लिए दो लाख इकाई के बाजार का 80 प्रतिशत मूल रूप से डीजल है, जिसका मतलब है कि ग्राहक इसके बेहतर 'टॉर्क' प्रदर्शन के कारण डीजल को पसंद करते हैं।''

प्रबंध निदेशक ने कहा कि कंपनी 1.5 लीटर जीडीआई इंजन पर काम कर रही है। कार्य प्रगति पर है। इसे उचित तरीके से विकसित किए जाने की आवश्यकता है और इसके अलावा उत्पाद को इंजन के साथ एकीकृत करना होगा। चंद्रा ने कहा, '' इसके अलावा हम क्षमता निर्माण पर भी काम कर रहे हैं। यह (पेट्रोल इंजन) थोड़ा दूर है लेकिन यह आने वाला है।'' टाटा मोटर्स ने पिछले सप्ताह क्रमशः 15.49 लाख रुपये और 16.19 लाख रुपये की शुरुआती कीमत के साथ हैरियर और सफारी के नए मॉडल पेश किए थे। हैरियर और सफारी के इन उन्नत संस्करणों को ग्लोबल एनसीएपी से शीर्ष सुरक्षा रेटिंग मिली है।

दुनिया को जीतने की कोशिश न करें क्योंकि भारतीय ग्राहक अलग तरह से सोचते हैं : भाटिया

नई दिल्ली/भाषा। हॉटमेल के संस्थापक एवं निवेशक सबीर भाटिया ने कहा कि भारतीय उद्यमियों को पूरी दुनिया फतह करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि उन्होंने भारतीय ग्राहकों के लिए लागत-दक्षता-आधारित व्यवसाय मॉडल तैयार किया है जो बाकी दुनिया की सोच से अलग है। भाटिया ने कहा, यह दौड़ने से पहले चलना सीखने जैसा है। सीधे शब्दों में कहें तो...पूरी दुनिया पर फतह की कोशिश मत करो सिर्फ इसलिए कि आपने भारत को जीत लिया है...भारत में लोगों का सोचने का तरीका बाकी दुनिया के सोचने के तरीके से अलग है।'' भाटिया ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप के पास कम लागत वाला अर्थशास्त्र है जबकि अमेरिकी स्टार्टअप का ध्यान इस बात पर है कि उनका समय कैसे बचे।

महाराष्ट्र में अस्पतालों के कार्य से जुड़ा धन रोका गया: विधायक पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार ने रविवार को आरोप लगाया कि देवेंद्र फडणवीस के आदेश पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा कोष रोके जाने से महाराष्ट्र में निर्माणाधीन सरकारी अस्पतालों का 26 स्थानों पर काम अधूरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि अजित पवार को भाजपा नेता ''नियंत्रित'' करना चाहते हैं ।

राकांपा के शरद पवार गुट से जुड़े रोहित पवार ने आरोप लगाया कि जिन अस्पतालों के कार्य अधूरे पड़े हैं उनमें उनके निर्वाचन क्षेत्र कर्जत-जामखेड में निर्माणाधीन अस्पताल भी शामिल हैं। उन्होंने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, ''कर्जत और जामखेड तहसीलों में सरकारी अस्पतालों का निर्माण कार्य आंशिक रूप से पूरा हो गया है। धन की कमी के कारण काम अब रुका हुआ है। अजित पवार वित्त मंत्री हैं, लेकिन भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया है कि उनकी अनुमति के बिना धन जारी नहीं किया जाए।'' रोहित ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह अजित पवार को नियंत्रित करने का एक प्रयास है, जो पदनाम से फडणवीस के समकक्ष हैं। अगर कोई व्यक्ति इलाज की कमी के कारण अपनी जान गंवा देता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।'' अपने विधानसभा क्षेत्र में लंबित कार्यों की तस्वीरें साझा करते हुए पवार ने कहा कि प्रदेश में 26 स्थानों पर इसी तरह की स्थिति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को जन्मदिन की बधाई दी, उन्हें उत्कृष्ट प्रशासक बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और सरकार के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट प्रशासक बताया। अमित शाह रविवार को 59 साल के हो गए। अमित शाह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए 300 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अमित शाह को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वह भारत की प्रगति और गरीबों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने को लेकर बेहद गंभीर हैं।

उन्होंने एक उत्कृष्ट प्रशासक के रूप में अपनी पहचान बनाई है और भारत के सुरक्षा तंत्र को बढ़ाने और सहकारी क्षेत्र को और विकसित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने में उनकी भूमिका सराहनीय है। उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।''

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित अन्य नेताओं ने भी शाह को जन्मदिन की बधाई दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ''केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। भारत की आंतरिक सुरक्षा को चाक चौबंद रखने में वे बड़ी प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। अपने परिश्रम, दृढ़ता और इच्छाशक्ति के बल पर वे देश और समाज की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। ईश्वर उन्हें स्वस्थ रखें और दीर्घायु करें।''

जद (एस) की केरल इकाई स्वतंत्र रुख रखेगी: मंत्री कृष्णनकुट्टी

तिरुवनंतपुरम/भाषा। भाजपा के साथ जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के गठबंधन को लेकर पार्टी प्रमुख एच.डी. देवेगौड़ा के बयान पर बढ़ते विवाद के बीच केरल के बिजली मंत्री के. कृष्णनकुट्टी ने कहा कि प्रदेश इकाई ने स्वतंत्र रुख रखने का फैसला किया है। कृष्णनकुट्टी ने कहा कि उन्होंने और जद (एस) की राज्य इकाई के अध्यक्ष मैथ्यू टी. थॉमस ने कर्नाटक में पार्टी नेतृत्व से मुलाकात की और उन्हें सूचित किया कि भाजपा के साथ गठबंधन स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमने उनसे कहा कि उन्होंने जो किया वह सही नहीं था।'' उन्होंने कहा, ''हमने उन्हें सूचित किया कि हम रिश्ता खत्म कर रहे हैं और हम स्वतंत्र रहेंगे और फिर हम वापस आ गए। हमने यहां समिति की बैठक की और स्वतंत्र रुख रखने का फैसला किया। हर कोई इससे सहमत था और यही तथ्यात्मक स्थिति है।'' कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ गठबंधन राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर जद (एस) के साथ संबंध नहीं तोड़ने का आरोप लगाता रहा है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से हाथ मिलाया है।

अभियंताओं ने कश्मीर रेल संपर्क परियोजना के तहत सुरंग बनाने के लिए नई विधि विकसित की

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय रेलवे के अभियंताओं ने कश्मीर रेल संपर्क परियोजना के 111 किलोमीटर लंबे कटरा-बनिहाल खंड पर सुरंग-1 के निर्माण को पूरा करने के लिए एक नई विधि विकसित की है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के कटरा-रियासी खंड में त्रिकुटा पहाड़ियों की तलहटी में स्थित 3.2 किलोमीटर लंबी 'सिंगल ट्यूब' सुरंग को परियोजना का सबसे कठिन खंड बताया गया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में कहा था, हमने हिमालयी भूविज्ञान के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में सुरंग बनाने के लिए नई विधि (आई)-टीएम विकसित की है। रेलवे के एक वरिष्ठ इंजीनियर ने सुरंग बनाने की नई विधि के बारे में कहा कि इसमें सुरंग की खुदाई के दौरान आने वाली प्रवाह की स्थिति से निपटने के लिए खुदाई-पूर्व सहायता प्रदान करना शामिल है।

सरकार केवल भारत में बने सौर पैनल को एएलएमएम के तहत पंजीकृत करेगी : सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। सरकार अगले तीन से चार साल में केवल घरेलू स्तर पर निर्मित सेल, वेफर्स और पॉलीसिलिकॉन से बने सौर पैनल को मॉडल और निर्माताओं की अनुमोदित सूची (एएलएमएम) के तहत पंजीकृत करने की योजना बना रही है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने भी अपने मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में एक नीति तैयार करने को कहा है। सरकार ने सौर पैनल के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एएलएमएम की शुरुआत की थी। मंत्री ने कहा कि कम दक्षता वाले मॉड्यूल को एएलएमएम से हटा दिया जाता है।

सिंह ने कहा, '' हम अपनी नीतियां विकसित करेंगे। हम केवल उन मॉड्यूल की सुरक्षा करेंगे, जो भारत में बने सेल हैं। एक या दो साल में हम ऐसी नीति लाएंगे। फिर, एक से दो साल के बाद हम एक नीति लाएंगे कि वेफर्स और पॉलीसिलिकॉन भी भारत में बनने चाहिए।'' उन्होंने कहा, '' हम केवल उन्हीं कंपनियों को एएलएमएम के तहत पंजीकृत करते हैं जिनके सेल, वेफर्स और पॉलीसिलिकॉन भारत निर्मित हैं।''

मंत्री ने कहा कि इस कदम से 'मेक-इन-इंडिया' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सरकार अगले कुछ वर्षों में सौर पैनलों कलपुर्जों के आयात को बढ़ावा नहीं देगी। उन्होंने कहा, '' आप बाहर से सेल आयात करते हैं और यहां उसे 'असेंबल' करते हैं। फिर यह कहकर बेचते हैं कि यह भारत में बना है, जबकि यह 90 प्रतिशत चीन में बना है ऐसा अब नहीं चलेगा। मंत्रालय अगले वर्ष एएलएमएम की समीक्षा भी करेगा।''

सिंह ने कहा कि सरकार भारत के लोगों के हितों की रक्षा के लिए निर्माताओं को किसी भी पुराने उपकरण या प्रौद्योगिकी का समर्थन करने की अनुमति नहीं देगी।

भाजपा ने तेलंगाना के अपने विधायक राजा सिंह का निलंबन रद्द किया, गोशमहल से दिया टिकट

हैदराबाद/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना के अपने विधायक टी. राजा सिंह का निलंबन रद्द कर दिया है और उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एक बार फिर गोशमहल सीट से टिकट दिया गया है। भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने रविवार को एक बयान में सिंह का निलंबन रद्द करने की जानकारी दी।

राजा सिंह को एक सोशल मीडिया मंच पर अपलोड किए गए वीडियो में 'इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद' के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणियों के बाद पिछले साल अगस्त में पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस वीडियो को बाद में सोशल मीडिया मंच से हटा दिया गया था। उन्हें एहतियान हिरासत (पीडी) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने नवंबर 2022 में उनके खिलाफ लगाए गए पीडी अधिनियम को रद्द कर दिया था और बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।

किशन रेड्डी ने बयान में कहा, ''भाजपा की केंद्रीय अनुशासन समिति ने पार्टी द्वारा दिए गए 'कारण बताओ नोटिस' के जवाब में गोशमहल से विधायक टी राजा सिंह के स्पष्टीकरण पर विचार करने के बाद भाजपा से उनका निलंबन रद्द करने का निर्णय लिया है। यह सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए है।''

सिंह ने वीडियो संदेश में अपना निलंबन वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, महासचिव बी.एल. संतोष, केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष किशन रेड्डी और राज्य के अन्य नेताओं को धन्यवाद दिया।

देश में 86 बिजली संयंत्रों के पास कोयला भंडार सामान्य स्तर से 25 प्रतिशत से भी कम : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। देश में 86 ताप बिजली संयंत्रों के पास 18 अक्टूबर तक कोयले भंडार 'गंभीर' स्तर पर था। इनमें से छह संयंत्र आयातित ईंधन पर आधारित हैं। केंद्रीय बिजली प्राधिकरण (सीईए) की एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। किसी बिजली संयंत्र में कोयला भंडार की स्थिति तब गंभीर मानी जाती है, जब उसके पास कोयले का भंडार सामान्य स्तर की तुलना में 25 प्रतिशत से भी कम रह जाता है।

सीईए की 18 अक्टूबर 2023 की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, देश में निगरानी वाले 181 ताप बिजली संयंत्रों में से 86 में कोयला भंडार की स्थिति गंभीर हैं। इन 86 में से छह आयातित कोयला आधारित संयंत्र हैं। सीईए देश में 206 गीगावॉट की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता वाले 181 कोयला आधारित ताप बिजली संयंत्रों की निगरानी करता है। करीब 149 गीगावाट की कुल क्षमता वाले कोयला खानों से दूर स्थित 148 घरेलू कोयला-आधारित बिजली संयंत्रों के पास कोयला भंडार सामान्य स्तर के 29% से कम है। इन 148 संयंत्रों के पास 18 अक्टूबर 2023 तक 4.35 करोड़ टन के मानक स्तर के मुकाबले लगभग 1.27 करोड़ टन कोयला था। वहीं 18 खानों के पास स्थित कोयला आधारित संयंत्रों की स्थिति बेहतर है। संयंत्रों के पास सामान्य स्तर की तुलना में 81 प्रतिशत कोयला है।

मराठा आरक्षण: कार्यकर्ता मनोज जारांगे 25 से आमरण अनशन शुरू करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालना/मुंबई/भाषा। कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने रविवार को कहा कि अगर महाराष्ट्र सरकार मंगलवार तक मराठा समुदाय को आरक्षण देने में विफल रहती है तो वह 25 अक्टूबर से आमरण अनशन शुरू करेंगे। महाराष्ट्र के जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जारांगे ने कहा कि आरक्षण की मांग पूरी होने तक मराठा समुदाय सांसदों और विधायकों सहित राजनीतिक नेताओं को राज्य भर के गांवों में प्रवेश नहीं करने देंगे।

जारांगे ने इस साल सितंबर में इस गांव में भूख हड़ताल की थी और मराठों को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण देने की मांग की थी। उन्होंने आरक्षण देने के लिए सरकार को 24 अक्टूबर तक 40 दिन का अल्टीमेटम देते हुए अनशन वापस ले लिया था। उन्होंने कहा, ''अगर महाराष्ट्र सरकार 24 अक्टूबर तक मराठा समुदाय को आरक्षण देने पर निर्णय लेने में विफल रहती है, तो मैं आमरण अनशन पर बैठूंगा। स्थानीय लोग और अन्य गांवों के लोग भी इसी तरह का विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।'' उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सभी गांव आमरण अनशन में शामिल होंगे और मराठों से आरक्षण की मांग को समर्थन देने के लिये 'कैंडल मार्च' निकालने की अपील की। उन्होंने कहा, ''यह शांतिपूर्वक लड़े जा रहे युद्ध जैसा है। मैं 28 अक्टूबर को नये दिशा-निर्देश घोषित करूंगा।''

जारांगे ने कहा कि वह अनशन के दौरान पानी और चिकित्सा सहायता लेने से परहेज करेंगे। उन्होंने कहा कि 25 अक्टूबर को शृंखलाबद्ध अनशन शुरू किया जाएगा, जो 28 अक्टूबर से पूर्ण आमरण अनशन में तब्दील हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''राज्य में हर तहसील और गांव में मराठा समुदाय कैंडल मार्च निकालेगा। प्रदर्शन में पांच करोड़ मराठी भाग लेंगे।'' उन्होंने मराठा समुदाय के सदस्यों से आत्महत्या जैसे कठोर कदम नहीं उठाने की भी अपील की। उन्होंने कहा, ''शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हमारी उचित मांगों का मार्ग प्रशस्त करेगा।''

द्रमुक ने एनईईटी के खिलाफ राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने 50 दिनों में 50 लाख लोगों से हस्ताक्षर करवाने के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। पार्टी ने इस अभियान के जरिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से तमिलनाडु को विश्वविद्यालय अनुदान चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के दायरे में छूट देने के लिए राज्य विधानसभा में पारित विधेयक को मंजूरी प्रदान करने का आग्रह किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा से पारित विधेयक राज्य को एनईईटी से छूट देने और राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्लस -2 बोर्ड परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर एमबीबीएस पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को प्रवेश देने की पिछली प्रणाली को जारी रखने की अनुमति देता है। इस पर पहला हस्ताक्षर मुख्यमंत्री एवं द्रमुक प्रमुख एम.के.स्टालिन ने किया।

गौरतलब है कि द्रमुक ने 2021 में विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में एनईईटी को समाप्त करने वादा किया था।

उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु में 'रीइन्फोर्स्ड पेपर कप' के उपयोग पर प्रतिबंध बरकरार रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें 2019 में तमिलनाडु में शुरू किए गए 'रीइन्फोर्स्ड पेपर कप' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार की नीति सार्वजनिक हित में थी।

न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि आईआईटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट (जिसके आधार पर प्रतिबंध लगाया गया था) में कहा गया है कि रीइन्फोर्स्ड पेपर कप का उपयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक होगा, क्योंकि इससे अधिक पेड़ कटेंगे और इनके पुनर्चक्रण से प्रदूषण होगा।

पीठ ने कहा, प्रतिबंध का वैज्ञानिक आधार है और सार्वजनिक हित में एकल-उपयोग प्लास्टिक उत्पादों की कई श्रेणियों पर प्रतिबंध लगाना राज्य सरकार का नीतिगत निर्णय है, ऐसे में इस अदालत के हस्तक्षेप करने की गुंजाइश नहीं है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता की इस दलील को खारिज कर दिया कि

प्रतिबंध ''अप्रासंगिक'' है। पीठ ने कहा, अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत अपीलकर्ता का अधिकार निस्संदेह प्रतिबंधित कर दिया गया है, लेकिन आम जनता के प्रदूषण मुक्त वातावरण का आनंद लेने के व्यापक हित में संविधान के अनुच्छेद 19(6) के अनुसार प्रतिबंध उचित था और इसलिए इसे बरकरार रखा गया है। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को संशोधित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के आलोक में गैर-बुनाई थैले पर प्रतिबंध को लेकर नये सिरे से विचार करने का निर्देश दिया। तमिलनाडु और पुडुचेरी पेपर कप निर्माता संघ ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसने एकल उपयोग प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण, आपूर्ति, परिवहन, बिक्री, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले सरकारी आदेश के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

भाजपा दशहरे के बाद तेलंगाना चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी करेगी : रेड्डी

हैदराबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि दशहरा उत्सव के बाद पार्टी की ''दूसरी सूची'' जारी की जायेगी। भाजपा ने तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 52 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की रविवार को घोषणा की। रेड्डी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महीने के अंत में राज्य में पार्टी के लिए प्रचार करेंगे।

उन्होंने कहा, ''भाजपा की 52 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी गई है और केंद्रीय चुनाव समिति दशहरे के बाद दूसरी सूची की घोषणा करेगी।'' उन्होंने कहा कि दशहरे के बाद पार्टी का चुनाव प्रचार अभियान तेज किया जायेगा। रेड्डी ने कहा कि शाह 27 अक्टूबर को राज्य का दौरा करेंगे जबकि योगी आदित्यनाथ अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में आएंगे। केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने ''भ्रष्ट और परिवारवादी शासन'' को लेकर सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''हम वंशवादी और भ्रष्ट शासन से लड़ रहे हैं। हम बीआरएस विरोधी माहौल को भाजपा के पक्ष में करेंगे। हम घर-घर जाकर अभियान चलाएंगे और मतदाताओं से मिलेंगे।'' उन्होंने तेलंगाना की जनता से बीआरएस और कांग्रेस के विकल्प के रूप में भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया।

पेट शो

रविवार को मैसूरु में दशहरा उत्सव के में पेट शो लोगों को आकर्षित करता हुआ।

स्टीलबर्ड तमिलनाडु में नया संयंत्र लगाएगी, 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। प्रमुख हेलमेट कंपनी स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया तमिलनाडु के होसुर में एक नया विनिर्माण कारखाना लगाने के लिए 250 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

कंपनी के फिलहाल बद्दी (हिमाचल प्रदेश) और नोएडा में चार-चार संयंत्र हैं। कंपनी का लक्ष्य दो साल के समय में होसुर संयंत्र से प्रतिदिन 20,000 से अधिक इकाइयों का उत्पादन हासिल करने का है।

स्टीलबर्ड के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, हम यह संयंत्र दक्षिण भारत के विभिन्न ओईएम (मूल उपकरण निर्माताओं) की मांग को पूरा करने के लिए लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, शुरुआती चरण में हम इस परियोजना में 100 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। दो साल में इस संयंत्र में कुल 250 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कपूर ने कहा कि इस संयंत्र के अगले दो साल में चालू होने की उम्मीद है। कारखाने के लिए जमीन अधिग्रहण का काम अंतिम चरण में है। स्टीलबर्ड बद्दी में मौजूदा संयंत्रों की विनिर्माण क्षमता का भी विस्तार कर रही है और इसके लिए 105 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय निर्धारित किया गया है। इसके बाद कंपनी वहां अपनी उत्पादन क्षमता को 20,000 इकाई प्रतिदिन से बढ़ाकर 50,000 इकाई प्रतिदिन कर पाएगी।

कपूर ने कहा, विस्तार का काम पहले ही शुरू हो चुका है और हमारा इस वित्त वर्ष में एक करोड़ हेलमेट के उत्पादन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अगले साल के अंत तक कंपनी की योजना कुल उत्पादन को 1.5 करोड़ हेलमेट तक पहुंचाने की है।

कपूर ने कहा कि सरकार द्वारा देश में हेलमेट इस्तेमाल के कानून को सख्ती से लागू करने से घरेलू बाजार में इसकी मांग तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। कपूर ने कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में 600 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार की उम्मीद कर रही है। 2022-23 में यह करीब 554 करोड़ रुपये रहा था। उन्होंने कहा, 2026-27 तक हमारा कारोबार 1,300 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू जाएगा।''

बोम्मई के दिल की सर्जरी के बाद प्रधानमंत्री ने फोन के जरिये उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली

बेंगलूरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु स्थित एक निजी अस्पताल में हाल ही में हृदय रोग से संबंधित कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) सर्जरी कराने वाले पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि वह जल्द ठीक हो जाएंगे और जनता की सेवा में जुट जाएंगे। बोम्मई ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें फोन करके उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

बोम्मई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, शुभ अष्टमी दिवस, यह मेरा सबसे भाग्यशाली दिन है। मुझे फोन करके मेरे स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए में प्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। आपकी चिंताओं और शुभकामनाओं से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं जल्द ठीक हो जाऊंगा तथा जनता की सेवा में जुट जाऊंगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बोम्मई (63) का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने कहा है कि उनकी सेहत में काफी तेजी से सुधार हो रहा है और उम्मीद है कि वह कुछ ही हफ्तों में पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।

तेलंगाना देश का सबसे कम भ्रष्ट राज्य, बीआरएस ने चुनाव में 95-100 सीट का लक्ष्य रखा : के. कविता

हमारा लक्ष्य 95 से 100 के बीच सीट लाना है। हम निश्चित रूप से उस संख्या के बहुत करीब पहुंचेंगे। हम सत्ता में वापस आ रहे हैं।

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सत्ता में वापसी का भरोसा जताते हुए पार्टी नेता और विधान पार्षद के. कविता ने कहा कि उनकी पार्टी ने तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में 95 से 100 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है।

'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के सर्वेक्षण के अनुसार, तेलंगाना देश का सबसे कम भ्रष्ट राज्य है। कविता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस टिप्पणी का खंडन किया कि बीआरएस भाजपा की 'बी-टीम' है। उन्होंने जानना चाहा कि राहुल की मां सोनिया गांधी सहित देश की सबसे पुरानी पार्टी के कई नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मामलों पर भाजपा अचानक चुप क्यों हो गई?

उन्होंने कहा, (सत्ता में वापस आने को लेकर) पूरी तरह आश्वस्त हूं, 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं। क्योंकि तेलंगाना के लोग हमेशा हमारे साथ हैं और हम हमेशा उनके साथ हैं। हमने व्यावहारिक रूप से कई ऐसे काम किए हैं जिनके बारे में इस देश के किसी भी राज्य ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 95 से 100 के बीच सीट लाना है। हम निश्चित रूप से उस संख्या के बहुत करीब पहुंचेंगे। हम सत्ता में वापस आ रहे हैं।

पब, बार और रेस्तरां का निरीक्षण, 10 को बंद करने का नोटिस

बेंगलूरु। बृहद् बेंगलूरु महानगर निग के अधिकार क्षेत्र के तहत पब, बार और रेस्तरां के संबंध में रविवार को निगम के स्वास्थ्य अधिकारियों ने आठ क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इन उद्यमों में जहां कमियां पाई गई उन्हें नोटिस दिया गया। साथ ही लाइसेंसिंग नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यवसायों को मौके पर ही बंद कर दिया जाएगा। आज निगम के क्षेत्राधिकार में 157 उद्यमों का निरीक्षण किया गया है। जिनमें से 74 उद्यमों को नोटिस जारी किया गया है तथा 10 उद्यमों को बंद कर देने का निर्देश दिया गया।

खरीददारी

कलबुर्गी में रविवार को आयुध पूजा के लिए खरीददारी करते लोग।

दशहरे के रंग में रंगा कर्नाटक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शारदीय नवरात्रि में पूरे देश में भक्तिमय माहौल बन जाता है। दशहरा त्यौहार का आनन्द सप्तमी से अपने पूरे उत्साह के दशहरा तक चलता है। कर्नाटक में सभी शहरों में बाजारों में इन दिनों पूजा का माहौल देखा जा सकता है। सभी बाजार पूजा के सामान व सजावट के वस्तुओं से भरे पड़े हैं। मुख्य बाजारों में फूल, फल, कुमड़ा आदि भारी मात्रा में देख जा सकते हैं। लोग अपने अपने वाहनों, प्रतिष्ठनों और अन्य सभी के लिए फल, फूल, नीबू, मिर्च, कुमड़ा आदि खरीदते हुए देखे जा सकते हैं।

वहीं विश्व प्रसिद्ध मैसूरु दशहरा महोत्सव अपने पूरे रूप में चल रहा है। मैसूरु शहर पूरा रोशनी से नहाया हुआ है। जहां देखो वहां रंग बिरंगी रोशनी से शहर को सजाया हुआ है। जगह जगह पर अन्नदान आदि हो रहा है। विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी मैसूरु में लगाई गई हैं।

विश्व प्रसिद्ध जम्बो सवारी की सारी तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। 24 अक्टूबर को विश्व प्रसिद्ध जम्बो सवारी निकाली जाएगी। इस बार मैसूरु में एयर शो मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। जिसके लिए पूर्ण रिहर्सल कर ली गई है। प्रतिदिन निरन्तर हो रही रिहर्सल आदि से पूरा शहर हवाई जहाज की आवाज से परिचित है। आकाश में हवाई जहाज अपने करतब दिखा रहे हैं।

इथेनॉल संयंत्र के विरोध में प्रदर्शन हिंसक हुआ, दो पुलिसकर्मी घायल; पुलिस वाहन फूंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। तेलंगाना के नारायणपेट जिले में रविवार को एक इथेनॉल कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और एक पुलिस वाहन को फूंक दिया गया। यह घटना जिले के मारीकल मंडल के चित्तनूर गांव में हुई, जब एक टैंकर को रोकने और सड़क पर धरने के चलते ग्रामीण वहां एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि टैंकर उनके गांव के पास स्थित इथेनॉल संयंत्र से निकले प्रदूषकों को ले जा रहा था और कचरे को उनके क्षेत्र में फेंक रहा था। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि एक टीम इस मामले को देखेगी। इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राजस्व और पुलिस अधिकारी प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे, लेकिन उनमें से कुछ ने अधिकारियों पर पथराव शुरू कर दिया। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस वाहन को आग लगा दी और एक अन्य वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके बाद पुलिस को प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

अधिकारी ने कहा, चूंकि प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए, इसलिए हमने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कार्रवाई की है। पथराव में एक क्षेत्र निरीक्षक और एक उपनिरीक्षक को चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति अब शांत है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या कुछ प्रदर्शनकारी भी घायल हुए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या किसी को हिरासत में लिया गया है, अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज किया जा रहा है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं और जांच जारी है। चित्तनूर के लोग पिछले कुछ महीनों से इथेनॉल संयंत्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि कंपनी प्रदूषकों को उनके क्षेत्र में फेंक रही है। उन्होंने संयंत्र के निर्माण का भी विरोध किया था।

राज्य से अब कांग्रेस सरकार की विदाई तय : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ की ओर से विधानसभा चुनावों के लिए विशेष तौर पर तैयार करवाए गए मीडिया सेन्टर का शुभारंभ आज प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद अरूण सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक अनिल बलूनी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और शहजाद पूनावाला व मीडिया विभाग के संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे। इस दौरान मीडिया सेन्टर के शुभारंभ मौके पर प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी ने प्रदेशवासियों को नवरात्रा और दुर्गाष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि राज्य से अब कांग्रेस सरकार की विदाई तय हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने दौसा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर शर्मनाक टिप्पणी की है। प्रियंका गांधी कांग्रेस की बडी नेता होने के साथ प्रकार जनता के सामने मंच से झूठ बोल रही है। यह कांग्रेस के लिए चिंताजनक स्थिति है। कांग्रेस ने राजस्थान की जनता के साथ छलावा किया है, नारियों की रक्षा में नाकाम रही और किसानों व युवाओं के साथ वादाखिलाफी की है। ऐसे में इस बार जनता ने तय कर लिया है कि 2023 में राजस्थान में कमल खिलाना है। राज्य के लोगों को पीएम नरेन्द्र मोदी पर विश्वास है। भाजपा पर गांव, गरीब, किसान, महिला सभी को विश्वास है। भाजपा ने अपनी अधिकांश सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है लेकिन कांग्रेस खेमें में अभी भी असमंजस का माहौल है। कांग्रेस के पास कोई चेहरा ही नहीं है जबकि भाजपा के पास पीएम नरेन्द्र मोदी जैसा चेहरा है।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने कहा कि जिस प्रकार राज्य में पिछले 5 सालों तक अराजकता का माहौल रहा है, युवा नौकरी के लिए परेशान रहे, आमजन को महंगाई राहत शिविरो की लाइन में लगा दिया गया और नारियों पर अत्याचार होते रहे। इन सबको देखते हुए राज्य की जनता ने काफी पहले ही कांग्रेस सरकार की विदाई तय कर दी थी। अब आने वाली 25 अक्टूबर को प्रदेश की जनता इस अराजक, नकारा और निकम्मी सरकार की विदाई पर अंतिम मुहर लगाने को तैयार बैठी है। प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने पूरे कार्यकाल ङ्कुर्सी से चिपके रहे और उनका पूरा ध्यान अपनी कुर्सी बचाने पर ही लगा रहा। इसके कारण प्रदेश की जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं था। इससे जनता में भारी नाराजगी है और कांग्रेस में चल रही गुटबाजी के कारण आने वाले समय में राजस्थान में कांग्रेस का नाम लेने के लिए कोई कार्यकर्ता भी नहीं बचेगा। राष्ट्रीय मीडिया संयोजक अनिल बलूनी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के शासन में मुख्यमंत्री की शह पर भ्रष्टाचार चरम पर रहा है। यहां पर हालात यह रहे कि हर दिन औसतन 4 से अधिक लोगों को एसीबी में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकडा है। इसमें कई मामलों में तो कांग्रेस के नेता या उनसे जुडे हुए लोग गिरफ्तार हुए हैं। अब यहां भ्रष्टाचार के मामलों की जांच ईडी कर रही है जिसकी आंच मुख्यमंत्री गहलोत तक आ सकती है। इसके कारण वे आए दिन ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं।

राजस्थान में भाजपा की दूसरी सूची के कई प्रत्याशियों का भी होने लगा विरोध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों द्वारा अपने उम्मीदवारों की घोषणा का सिलसिला शुरु होने के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी है लेकिन प्रदेश में मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों की घोषित दूसरी सूची में भी कई प्रत्याशियों को कड़ा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा की शनिवार को 83 उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद चित्तौड़गढ़ से मौजूदा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का टिकट काटकर उनकी जगह जयपुर के विद्याधर नगर से विधायक नरपत सिंह राजवी को दिए जाने का आक्या के समर्थकों ने विरोध करना शुरु कर दिया और हजारों की संख्या में आक्या के समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ता जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन किया। आक्या ने उनका टिकट कटने के लिए प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उन्होंने उनका टिकट कटवाकर उनसे खुन्नस निकाली हैं।

चित्तौड़गढ़ में रविवार को भी आक्या के समर्थन में हजारों लोग एकत्रित हुए और आगे की रणनीति बनाने पर विचार कर रहे हैं। इसे आक्या का शक्ति प्रदर्शन भी माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भाजपा की उम्मीदवारों की पहली सूची में राजवी का विद्याधरनगर से टिकट काटकर उनकी जगह सांसद दीया कुमारी को प्रत्याशी बनाने पर राजवी एवं उनके समर्थक नाराज हो गए थे। अब राजवी को जब चित्तौड़गढ़ से टिकट दे दिया तो वहां आक्या नाराज हो गए। राजवी चित्तौड़गढ़ से भी विधायक रह चुके हैं।

इसी तरह भाजपा की दूसरी सूची में घोषित राजसमंद सीट के लिए विधायक दीप्ति माहेश्वरी को टिकट दिए जाने का भी जोरदार विरोध किया

जा रहा है और नाराज कार्यकर्ताओं ने तो भाजपा के जिला कार्यालय में तोड़फोड़ भी कर दी और कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने टायर जलाकर अपना विरोध जताया है। नाराज कार्यकर्ता जिला कार्यालय में कुर्सियां तोड़कर अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा गया है कि अगर प्रत्याशी नहीं बदला गया तो चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के सामने निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा जायेगा।

नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत ने नाराजगी जताते हुए अपने पदों से इस्तीफा देने की बात भी सामने आ रही है। कुमावत का कहना है कि राजसमंद में भाजपा ने वंशवाद को बढ़ा दे रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ का घेराव भी किया गया और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नेता को टिकट नहीं मिलने का अपना दर्द बयान किया।

इसी प्रकार दूसरी सूची में ही कुंभलगढ़ विधानभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ को फिर से चुनाव मैदान में उतार देने का भी विरोध शुरु हो गया। कुंभलगढ़ से अनोप सिंह और उनके समर्थक राठौड़ को टिकट दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। अनोप सिंह का कहना है कि अगर उनकी बात नहीं मानी गई तो उन्हें चाहे चुनाव लड़ना पड़े या किसी को लड़ना पड़े लेकिन राठौड़ को हराने के लिए हरसंभव कोशिश की जायेगी।

उदयपुर में भी भाजपा प्रत्याशी ताराचंद जैन का विरोध किया जा रहा है और उपमहापौर पारस सिंघवी अपने समर्थकों के साथ विरोध जता रहे हैं। उन्होंने पार्टी को अपनी बात पहुंचाते हुए कहा है कि उसे अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार कर उदयपुर की जनता की भावना का आदर कर उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गलत निर्णयों के कारण कार्यकर्ता सड़कों पर उतर रहे हैं। अगर इस पर चिंतन एवं विचार नहीं किया तो कोई नया रास्ता अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा।

कांग्रेस की दूसरी सूची जल्द, उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए सीईसी बैठक माह के अंत में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/जयपुर। राजस्थान के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने वाली कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा कि एक या दो दिन में 35 से 40 और उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी होने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, देश की सबसे पुरानी पार्टी की दूसरी सूची जल्द ही जारी की जाएगी। बुधवार को केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के दौरान उन सीटों पर चर्चा अंतिम हो गई है, जिसकी अध्यक्षता पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने की थी। सूत्र ने कहा कि पहली सूची की तरह, दूसरी सूची में भी 35 से 40 उम्मीदवारों के नाम शामिल होंगे और इसमें अधिकांश मौजूदा विधायक और कुछ नए चेहरे होंगे।

सूत्र ने कहा कि दुर्गा पूजा समारोह समाप्त होने के बाद, स्क्रीनिंग कमेटी बाकी उम्मीदवारों पर चर्चा करने के लिए फिर से बैठक करेगी और फिर उस सूची को चर्चा और अंतिम रूप देने के लिए सीईसी को भेजा जाएगा। सूत्र ने बताया कि राजस्थान के लिए दूसरी सीईसी की बैठक 29 या 30 अक्टूबर को होने की संभावना है. गौरतलब है कि 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 6 नवंबर है।

सूत्र ने कहा कि पहले सीईसी के दौरान 125 से अधिक सीटों की उम्मीदवारी को अंतिम रूप दिया गया और बाकी 75 सीटों पर अभी चर्चा होनी बाकी है। पार्टी के रणनीतिकार सुनील कनुगोलू द्वारा तैयार की गई सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर कांग्रेस लगभग 15 से 20 मौजूदा विधायकों को हटाने की योजना बना रही है। कनुगोलू ने पार्टी नेतृत्व को अपनी रिपोर्ट में कम से कम 40 मौजूदा विधायकों के खिलाफ मजबूत सत्ता विरोधी लहर का संकेत दिया है। सूत्र ने कहा कि बुधवार को पहली सीईसी के दौरान भी, जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भी शामिल थे, कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने सूची में कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल के नाम पर कड़ी आपत्ति जताई। .

धारीवाल ने पिछले साल सितंबर में अपने आवास पर विधायकों की एक समानांतर बैठक आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जब पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सीएलपी की बैठक आयोजित करने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में खड़गे और अजय माकन को भेजा था। पिछले साल 25 सितंबर की शाम को कांग्रेस विधायक दल की बैठक से पहले, मुख्यमंत्री गहलोत के करीबी माने जाने वाले विधायकों ने धारीवाल के नेतृत्व में मुलाकात की थी, जिसे गहलोत के वफादार को उनके उत्तराधिकारी के रूप में चुनने के लिए आलाकमान को एक संदेश के रूप में देखा गया था। धारीवाल के आवास पर समानांतर बैठक से खड़गे और माकन को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ी और वरिष्ठ नेतृत्व के लिए चुनौती खड़ी हो गई। शनिवार को कांग्रेस द्वारा जारी 33 उम्मीदवारों की पहली सूची में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके मंत्रियों और पूर्व डिप्टी सचिन पायलट को जगह मिली. सूची में 30 मौजूदा विधायकों के नाम भी शामिल हैं। पार्टी ने गहलोत को सरदारपुरा विधानसभा सीट से, जबकि पायलट को उनकी टोंक विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। गहलोत के अलावा जिन चार मंत्रियों को पहली सूची में जगह मिली है उनमें भंवर सिंह भाटी, टीकाराम जूली, ममता भूपेश, अशोक चांदना शामिल हैं. पार्टी ने स्पीकर सी.पी. जोशी नाथद्वारा विधानसभा सीट से खड़ा किया है।

पार्टी ने इस बार मालवीय नगर विधानसभा सीट से समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा, सांगानेर विधानसभा सीट से पुष्पेंद्र भारद्वाज और मुंडावर विधानसभा सीट से ललित कुमार यादव को मैदान में उतारा है।

दिया कुमारी ने भाजपा प्रधान कार्यालय का किया उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी विद्याधर नगर विधानसभा के प्रधान कार्यालय के उद्घाटन समारोह में दिया कुमारी ने कहा कि विद्याधर का हर एक वोटर दिया कुमारी बनकर कांग्रेस की इस निकम्मी सरकार को मुँह तोड़ जवाब देगा। आराध्य देवी-देवतों को याद करते हुए दिया कुमारी ने भाषण की शुरुआत में स्वर्गीय भैरों सिंह शेखावत जी और अपने पिता स्वर्गीय महाराज भवानी सिंह जी की जयंती पर नमन किया। इसके पश्चात उन्होंने प्रधान कार्यालय के उद्घाटन समारोह में आशीर्वाद देने पधारे महाराज श्री रामरिछपाल दास जी, त्रिवेणी धाम, हाथोज धाम से पधारे महाराज श्री बालमुकुंद आचार्य जी, सांसद जयपुर शहर रामचरण बोहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश पारीक, प्रभारी रामेश्वर चौहान, पूर्व विधायक बीरु सिंह, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी, जिला मंत्री सुनीता अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष ताराचंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह , मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह , समस्त मंडलों के पदाधिकारी, समस्त पार्षद, वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, मीडिया बन्धु एवं सम्मानित कार्यकर्ता गणों का धन्यवाद किया ।

सांसद बोहरा ने अपने सम्बोधन के दौरान विद्याधर नगर वासियों को विद्याधर विधानसभा से सवा लाख वोटो से जिताने का आवाहन किया था। इस पर मजाकिया लहजे में दिया कुमारी ने अपने उदबोधन में कहा कि सांसद बोहरा को 1 लाख 27 हजार वोट के अंतर से बढ़त मिली थी और मुझे भी उनसे ज्यादा वोटो से जिताना है। सांसद बोहरा ने फिर से माइक संभालते हुए जनता से आवाहन किया की विद्याधर की जीत मुझे मिली बढ़त से भी बड़ी होनी चाहिए।

कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए दिया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के अत्याचारों से कोई भी वर्ग बचा नहीं है। महिला, युवा, किसान, व्यापारी, हर एक को इस सरकार ने प्रताड़ित किया है। इस सरकार ने महिलाओं के लिए एक असुरक्षित वातावरण बना दिया है जिस कारण बेटियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

दिया कुमारी ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि यह चुनाव खोया हुआ सम्मान और स्वाभिमान वापिस लेने का चुनाव है। दिया कुमारी ने कहा कि यह चुनाव इस तुष्टिकरण की राजनीती करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और प्रदेश में पुनः शांति स्थापित करने का चुनाव है । नारी शक्ति को याद दिलाते हुए दिया कुमारी ने कहा कि मातृ शक्ति को इस चुनाव में मुख्य भूमिका निभाने का काम करना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन कानून के ज़रिये महिलाओं के हाथ मजबूत करने का काम किया है। इसी मजबूती से सभी को बूथ स्तर पर कार्य करने का निवेदन किया और भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने का लक्ष्य दिया।

मुख्यमंत्री के ओएसडी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से उनके आवास पर मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) लोकेश शर्मा ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से रविवार को यहां उनके आवास पर मुलाकात की। यह दिलचस्प राजनीतिक घटनाक्रम कांग्रेस द्वारा शनिवार को 33 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी करने के एक दिन बाद हुआ है। दिसंबर 2018 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से ही नेतृत्व के मुद्दे पर गहलोत और पायलट के बीच विवाद रहा है। हालांकि, चुनाव से पहले दोनों नेताओं ने सुलह का संकेत दिया है। उन्होंने एक-दूसरे के समर्थकों को टिकट देने का विरोध नहीं किया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने हाल में दौसा की एक जनसभा में कहा था कि पार्टी एकजुट हैं। हाल में मुख्यमंत्री के ओएसडी शर्मा को राज्य में विधानसभा चुनावों के लिए पीसीसी के केंद्रीय युद्ध कक्ष के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। राज्य में विधानसभा की 200 सीट हैं जिनके लिए 25 नवंबर को मतदान होना है। शर्मा बीकानेर पश्चिम सीट से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। इस सीट से वर्तमान में गहलोत सरकार में शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला विधायक हैं। शर्मा रविवार को पायलट के सिविल लाइंस स्थित आवास पहुंचे और पायलट के साथ बैठक की। मुलाकात करीब आधे घंटे तक चली। शर्मा ने बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, बैठक में विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई। पायलट पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी एकजुटता के साथ चुनाव में जा रही है। हम चुनाव जीतेंगे। जुलाई 2020 में पायलट और उनके समर्थक विधायकों की बगावत के बाद राजनीतिक संकट के समय शर्मा पर कॉल रिकॉर्डिंग लीक करने का आरोप लगाया गया था। आरोप था कि रिकॉर्ड की गई ये बातचीत केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अन्य के बीच हुई थी।

कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर विधानसभा में कांग्रेस के तत्कालीन मुख्य सचेतक महेश जोशी ने राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शिकायत देकर शेखावत और अन्य के खिलाफ जांच की मांग की थी।

दिल्ली पुलिस ने जोधपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत के आधार पर 25 मार्च 2021 को शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। शर्मा पर आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात और गैरकानूनी तरीके से टेलीग्राफिक सिग्नल रिकॉर्ड (टेलीफोन पर बातचीत) करने के आरोप हैं। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद शर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और इसे रद्द करने की मांग की थी। अदालत ने उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाकर उन्हें राहत दी थी, जो अब भी जारी है। शर्मा दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के सामने पांच बार पेश हो चुके हैं।

उद्घाटन

जयपुर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी मीडिया सेंटर उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा महासचिव व प्रदेश प्रभारी अरुणसिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजस्थान में वसुंधरा राजे और उनके खेमे के 10 विधायकों को टिकट दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की सड़कों पर 41 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने के बाद शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अभी भी थमा नहीं है, इस बीच पार्टी ने शनिवार को 83 उम्मीदवारों के साथ दूसरी सूची जारी कर दी है। इस बार भाजपा ने वसुंधरा राजे को टिकट दिया है, जो पांचवीं बार झालरापाटन से चुनाव लड़ेंगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल दी गई है। उन्हें चुरू की बजाय तारानगर से टिकट दिया गया है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं, कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल हुए उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी से होगा।

इस बीच भाजपा ने दूसरी सूची में आठ विधायकों के टिकट काट दिए हैं। इनमें सूरसागर से सूर्यकांत व्यास, सांगानेर से अशोक लाहोटी, चित्तौड़गढ़ से चंद्रभान सिंह आक्या, सूरजगढ़ से सुभाष पूनिया, नागौर से मोहन राम चौधरी, मकराना से रूपाराम, बड़ी सादड़ी से ललित कुमार ओस्तवाल और घाटोल से हरेंद्र निनामा शामिल हैं। वसुंधरा राजे गुट से जिन 10 विधायकों को पार्टी का टिकट मिला है, उनमें मालवीय नगर से कालीचरण सराफ, छबड़ा से प्रताप सिंह सिंघवी, संगरिया से गुरदीप सिंह शाहपिनी, निंबाहेड़ा से श्रीचंद कृपलानी, नौहर से अभिषेक मटोरिया, डग से कालूलाल मेघवाल, खानपुर से नरेंद्र नागर, मनोहरथाना से गोविंद रानीपुरिया, नीमकाथाना से प्रेम सिंह और बगरू से कैलाश चंद वर्मा शामिल हैं।

जयपुर की विद्याधर नगर सीट से विधायक नरपत सिंह राजवी को अब चित्तौड़गढ़ से टिकट दिया गया है। पहली सूची में भाजपा ने उनका टिकट काट दिया और राजसमंद सांसद दीया कुमारी को विद्याधर नगर से टिकट दिया। राजवी के लिए मौजूदा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का टिकट काट दिया गया है, हालांकि इस फैसले का विरोध भी शुरू हो गया है। चंद्रभान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, ''आपका चंद्रभान एक बार फिर आपके भरोसे पर खरा उतरेगा। चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है और परिवार का उज्ज्वल भविष्य मेरी एकमात्र चिंता है।''

गहलोत ने दुर्गाष्टमी पर की पूजा-अर्चना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को दुगार्ष्टमी पर्व पर मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास परिसर स्थित राजेश्वरी दुर्गा मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की। उन्होंने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ आहूति दी और आरती करते हुए प्रदेश समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे महिला सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए हरसंभव प्रयास करे। महिलाओं की सुरक्षा एवं उनका सम्मान करने का संकल्प लें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई दी

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई दी और इस अवसर पर सभी के उत्तम स्वास्थ्य व सुखी जीवन की कामना की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''देशभर के मेरे परिवारजनों को दुर्गा पूजा की ढेरों शुभकामनाएं। मां दुर्गा हर किसी को उत्तम स्वास्थ्य और सुखी जीवन का आशीर्वाद दें।'' महालया से दुर्गा पूजा उत्सव प्रारंभ होता है। इस दिन से मूर्तियों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाता है। परंतु वास्तविक पूजा षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी और विजयादशमी के रूप में परिभाषित की गयी है। दशहरे के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजा का समापन हो जाता है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यूट्यूबर्स के साथ की बातचीत

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पर्यटन को बढ़ावा देने, पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता, वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और छोटे स्टार्टअप को सशक्त बनाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर कई यूट्यूबर्स के साथ बातचीत की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मंत्री ने 20 अक्टूबर को यहां प्रगति मैदान के भारत मंडपम में यूट्यूबर्स के साथ मुलाकात की। इस साल यूट्यूबर्स के साथ मंत्री की यह दूसरी बैठक थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी बैठक में शामिल हुए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि चर्चा यूट्यूबर्स में गौरव चौधरी (टेक्निकल गुरुजी), अंकित बैयानपुरिया (शारीरिक देखभाल एवं स्वास्थ्य), कीर्ति 'हिस्ट्री', अंकुर वारिकू व अन्य ने हिस्सा लिया। अधिकारी ने कहा, मंथन में वित्त, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, यात्रा, प्रेरणा, मौजूदा मुद्दों, खान-पान और जीवन शैली सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान पर्यटन को बढ़ावा देने, हथकरघा व हस्तशिल्प को लोकप्रिय बनाने के तरीके, छोटे स्टार्टअप को सशक्त बनाना और डिजिटल इंडिया के माध्यम से वित्तीय साक्षरता का प्रचार करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारी ने कहा, ''यूट्यूबर्स अपने चैनलों पर उन सरकारी कार्यक्रमों तथा नीतियों के बारे में जानकारी देने को इच्छुक हैं, जो आम लोगों शिक्षित करने, लाभ पहुंचाने के लिए तैयार की गई हैं। वे गलत सूचना की समस्या से निपटने करने वाले तथ्य जांचकर्ता (फैक्ट चैकर्स) के रूप में भी काम करते हैं।''

आगरा में 90 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या

आगरा(उप्र)/भाषा। आगरा जिले के अछनेरा थाना क्षेत्र में स्थित रायभा गांव में 90 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मृतका विद्या देवी के चार बेटे हैं जिनमें से तीन दिल्ली में मजदूरी करते हैं जबकि चौथा बेटा गांव में ही दूसरे मकान में रहता है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह गांव में ही दूसरे मकान में रहने वाला बेटा विद्या देवी की चाय लेकर आया तो उन्हें खून से लथपथ देखा। प्रवक्ता ने बताया कि शोर मचाने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलने पर अछनेरा के थाना प्रभारी सुमनेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और प्राथमिकी दर्ज कर सभी कोण से प्रकरण जांच की जा रही है।

सूटकेस में मिला क्षत-विक्षत शव

बलिया (उप्र)/भाषा। बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र स्थित दया छपरा गांव में रविवार सुबह एक सूटकेस से एक शव क्षत-विक्षत हालत में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के दया छपरा गांव में एक खेत में आज सुबह एक लाल रंग की अटैची में एक शव मिला जो क्षत-विक्षत हालत है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि शव 15 दिन पुराना लग रहा है और वह इतना सड़-गल गया है कि पता नहीं लग पा रहा है कि वह महिला का शव है या पुरुष का। आनंद ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश में नौकरी और रोजगार की कोई कमी नहीं : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गोरखपुर (उप्र)/भाषा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में नौकरी और रोजगार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि युवा अपनी दिलचस्प के मुताबिक क्षेत्र का चयन कर खुद को प्रशिक्षण से जोड़कर तैयार करें और सरकार उनके रोजगार और नौकरी की गारंटी लेगी।

योगी मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित रोजगार मेला एवं सेवायोजित प्रशिक्षणार्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण तथा स्वरोजगार के लिए 500 करोड़ रुपये के ऋण वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश में नौकरी व रोजगार की कोई कमी नहीं है। युवा अपनी अभिरुचि के अनुसार क्षेत्र का चयन करके खुद को प्रशिक्षण से जोड़कर तैयार करें। उनके रोजगार व नौकरी की गारंटी सरकार लेगी।'' उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, श्रम एवं सेवायोजन विभाग एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, ''पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जब हर हाथ को काम, हर खेत को पानी का नारा दिया था तब लोग इसे पूरा हो पाना असंभव मानते थे। मगर 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने इसे हकीकत में बदल दिया है। डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव हर हाथ को काम उपलब्ध करा रही है।'' योगी ने कहा कि ''मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा'' योजनाओं के जरिये युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की ढेरों संभावनाओं को आगे बढ़ाया है।

कांग्रेस और बसपा के बीच गठबंधन की कोई सम्भावना नहीं : सिंह

बलिया (उप्र) /भाषा। उत्तर प्रदेश में बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर सिंह ने लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की सम्भावनाओं से इनकार किया है। सिंह ने खनवर गांव में आगामी लोस चुनाव में बसपा की कांग्रेस के साथ गठबंधन की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इन दोनों दल के बीच तालमेल की कोई सम्भावना नहीं है। उन्होंने कहा, 'बसपा का रुख पहले से ही बिल्कुल स्पष्ट है कि हम अपने बलबूते चुनाव लड़ेंगे।' सिंह ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') गठबंधन में शामिल कांग्रेस और सपा के बीच हाल में उपजी तल्खी की तरफ इशारा करते हुए कहा, 'जब हमारे अंदर किसी भी प्रकार का लालच आ जाता है तो वह रिश्ता निश्चित रूप से टिक नहीं पाता।' उन्होंने सपा और कांग्रेस के बीच हुई जुबानी जंग को अशोभनीय करार देते हुए कहा, 'इस दौरान जिस तरह के शब्दों का प्रयोग हुआ, वह निश्चित रूप से बहुत अशोभनीय हैं। किसी को भी एक दूसरे के बारे में ऐसी बात कहने का अधिकार नहीं है।'

'दुनियाभर के स्कूलों में पर्यटन को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाए'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

समरकंद (उज्बेकिस्तान)/भाषा। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) के महासचिव जुराब पोलोलिकाशविल ने स्कूलों में पर्यटन को एक विषय के रूप में पेश करने और दुनिया भर में अधिक पर्यटन अकादमियां और विश्वविद्यालय स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता जताई है। उन्होंने शनिवार को यहां संपन्न हुई यूएनडब्ल्यूटीओ की 25वीं महासभा के दौरान ग्लोबल एजुकेशन फोरम में ये टिप्पणियां कीं।

महासचिव ने यह भी कहा कि पर्यटन क्षेत्र का बड़े पैमाने पर विस्तार कर रहे भारत जैसे देशों को पर्यटन अकादमियों और आतिथ्य स्कूलों में निवेश करने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, पर्यटन उद्योग के भविष्य, सतत विकास और समावेशी विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। छात्रों को भूगोल, भौतिकी और गणित की तरह स्कूलों में पर्यटन को एक विषय के रूप में पढ़ना... इसकी तत्काल आवश्यकता है। उज्बेकिस्तान पहला देश बन गया है, जहां हाई स्कूल में बच्चों को यह विषय पढ़ाया जाता है और यह एक बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, जब मैं बच्चा था तो मुझे जीव विज्ञान और इस तरह के कई विषय पसंद नहीं थे, लेकिन पर्यटन हर किसी के लिए स्वीकार्य और दिलचस्प होगा। इसलिए हमारी कोशिश दुनिया भर के सभी क्षेत्रों में, जितना संभव हो, उतने शैक्षिक केंद्र बनाने की है। वहीं, इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी (आईएसएच) के प्रबंध निदेशक कुणाल वासुदेव के अनुसार, आतिथ्य शिक्षा व्यावसायिक प्रशिक्षण के रूप में पुरातनपंथ का शिकार रही है और इस धारणा में एक महत्वपूर्ण बदलाव की आवश्यकता है। वासुदेव ने कार्यक्रम के दौरान मुख्य भाषण देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, मेरा पालन-पोषण 70 के दशक में हुआ था, जब आतिथ्य में करियर को ज्यादा तवज्जो नहीं दी जाती थी और (इसे) बुरा समझा जाता था।

महुआ मोइत्रा पर लगातार निशाना साध रहे निशिकांत दुबे ने कहा, '24 अक्टूबर तक संघर्ष विराम'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा पर सवाल पूछने के बदले पैसे लेने का आरोप लगाकर लगातार निशाना साध रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को कहा कि वह 24 अक्टूबर को दशहरे तक संघर्ष विराम रखेंगे।

दुबे को महुआ के खिलाफ लगाए गए इस आरोप के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए 26 अक्टूबर को लोकसभा की आचार समिति के सामने पेश होना है कि उन्होंने (महुआ ने) संसद में सवाल पूछने के बदले उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी से लाभ लिया था। महुआ खुद पर लगे आरोपों को खारिज करती रही हैं और उन्होंने दावा किया है कि भाजपा अडाणी समूह के इशारे पर उन्हें निशाना बना रही है। महुआ संसद के अंदर और बाहर अडाणी समूह पर निशाना साधती रही हैं।

दुबे ने 'एक्स' पर लिखा, दुर्गा पूजा के पावन अवसर के चलते मैं आज अष्टमी से 24 अक्टूबर को दशमी तक के लिए अपनी ओर से संघर्ष विराम कर रहा हूं। दुबे ने इस मामले में शनिवार को लोकपाल के समक्ष महुआ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। दुबे और वकील जय अनंत देहाद्राई के आरोपों के बाद महुआ ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर भाजपा सांसद पर मानहानि का आरोप लगाया है। दुबे की शिकायत को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की आचार समिति को भेज दिया है।

रियल एस्टेट से लेकर ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने वाले समूह हीरानंदानी के सीईओ दर्शन हीरानंदानी ने हाल ही में एक हस्ताक्षरित हलफनामे में दावा किया था कि उन्होंने (महुआ ने) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बदनाम और शर्मिंदा करने के लिए गौतम अडाणी को निशाना बनाया था।

हालांकि, महुआ ने हीरानंदानी के हलफनामे की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि इसे पीएमओ द्वारा तैयार किया गया था और उनके परिवार के कारोबार को पूरी तरह से बंद करने की धमकी देकर उन्हें इस पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को कहा कि संसदीय आचार समिति की जांच पूरी होने के बाद पार्टी इस मामले पर निर्णय लेगी।

महुआ मोइत्रा मामला: आरोपों की जांच के बाद पार्टी इस संबंध में कोई निर्णय लेगी : डेरेक ओ ब्रायन

कोलकाता/भाषा। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा पर लगाए गए गंभीर आरोपों पर रविवार को टीएमसी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि संसद के उचित मंच से मामले की जांच कराई जाए, जिसके बाद पार्टी नेतृत्व इस संबंध में निर्णय लेगा।

राज्यसभा में टीएमसी के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा, ''हमने मीडिया में आई खबरें देखी हैं। पार्टी नेतृत्व की ओर से संबंधित सदस्य को अपने ऊपर लगे आरोपों के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की सलाह दी गई है। हालांकि, वह पहले ही ऐसा कर चुकी हैं।'' उन्होंने कहा, ''चूंकि, यह मामला एक निर्वाचित सांसद, उसके अधिकारों और विशेषाधिकारों से जुड़ा है, इसलिए इस मामले की जांच संसद के उचित मंच द्वारा कराई जाए, जिसके बाद पार्टी नेतृत्व निर्णय लेगा।'' भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को लोकपाल के पास तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन पर संसद में सवाल पूछने के एवज में धन लेने का आरोप लगाया गया है। दुबे ने मोइत्रा पर एक बार फिर निशाना साधते हुए कहा था कि जब वह भारत में थीं, तब उनके संसदीय लॉगिन आईडी का इस्तेमाल दुबई में किया गया था। मोइत्रा ने आरोपों को बेबुनियाद करार देकर खारिज किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर 'नौकरशाही के राजनीतिकरण' को लेकर चिंता जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि अधिकारियों को सरकार की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों का ''प्रचार'' करने का हालिया आदेश ''नौकरशाही का राजनीतिकरण'' है और उन्होंने इसे वापस लेने की मांग की। अपने पत्र में खरगे ने 18 अक्टूबर को जारी सरकारी आदेश पर आपत्ति जताई और दावा किया कि आदेश में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव जैसे उच्च रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को देश के सभी 765 जिलों में ''रथ प्रभारी'' के रूप में तैनात किया जाना है, जो ''भारत सरकार की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों का प्रचार करेंगे।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने नौ अक्टूबर, 2023 के रक्षा मंत्रालय के एक अन्य आदेश का भी हवाला दिया, जिसमें वार्षिक छुट्टी पर गए सैनिकों को सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में समय बिताने का निर्देश दिया गया है, जिससे उन्हें ''सैनिक राजदूत'' बनाया जा सके। खरगे ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ अधिकारियों को मौजूदा सरकार की ''प्रचार गतिविधि'' में लगाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया, ''यह केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो निर्देश देता है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेगा।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''हालांकि, सरकारी अधिकारियों द्वारा सूचना प्रसारित करना स्वीकार्य है, लेकिन उन्हें 'जश्न मनाने' और उपलब्धियों का 'प्रचार' करने के लिए मजबूर करना, उन्हें स्पष्ट रूप से सत्तारूढ़ दल के राजनीतिक कार्यकर्ता में बदल देता है।'' कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया, ''यह तथ्य कि केवल पिछले नौ वर्षों की 'उपलब्धियों' पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, इस बात को उजागर करता है कि यह पांच राज्यों के चुनावों और 2024 के आम चुनावों के लिए साफ तौर पर एक राजनीतिक आदेश है।'' उन्होंने कहा कि यदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को वर्तमान सरकार की ''प्रचार गतिविधि'' में लगाया जा रहा है, तो देश का शासन अगले छह महीनों के लिए ठप हो जाएगा।

खरगे ने प्रधानमंत्री से कहा, ''हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान की रक्षा के मद्देनजर यह जरूरी है कि उपरोक्त आदेशों को तुरंत वापस लिया जाए।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, ''मोदी सरकार के लिए, सरकार की सभी एजेंसियां, संस्थान, प्रतिष्ठान और विभाग अब आधिकारिक तौर पर 'प्रचारक' हैं।'' खरगे ने पत्र साझा करते हुए कहा, ''हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान की रक्षा के मद्देनजर, यह जरूरी है कि नौकरशाही और हमारे सशस्त्र बलों के राजनीतिकरण को बढ़ावा देने वाले आदेशों को तुरंत वापस लिया जाए।''

एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने भी 'एक्स' पर यह पत्र साझा किया और कहा, ''कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी ने प्रधानमंत्री को नौकरशाहों और सैनिकों के हो रहे जबरदस्त राजनीतिकरण पर लिखा है, जिन्हें हमेशा निष्पक्ष और गैर-राजनीतिक रखा जाना चाहिए।''

अगर भविष्य में राजनीति में आया, तो युवाओं की राजनीति करूंगा : सिंधिया

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे आर्यमन सिंधिया का कहना है कि उनके राजनीति में आने के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं और वह कभी, किसी समय राजनीति का रुख कर सकते हैं।

आर्यमन ने कहा कि अगर वह भविष्य में राजनीति में कदम रखते हैं, तो वह राजनीति में ''युवा पीढ़ी की झलक'' पेश करना चाहेंगे और युवाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। पूर्व में राजनीति में शामिल होने की अनिच्छा व्यक्त करने वाले सिंधिया ने कहा कि युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाली राजनीति से आर्थिक सशक्तीकरण भी होता है। उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में चुनने वाले 27 वर्षीय आर्यमन सिंधिया ने कहा कि उनकी राजनीति काफी हद तक शैक्षिक विकास और युवाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगी।

भ्रष्टाचार और हिंसा के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी : बोस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने रविवार को कहा कि भ्रष्टाचार और हिंसा के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। राज्यपाल ने यह बयान उत्तरी कोलकाता के सुकिया स्ट्रीट में एक सामुदायिक पूजा पंडाल का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कही, जिसके मुख्य आयोजक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता कुणाल घोष हैं।

घोष ने राम मोहन मिशन पूजा समिति के पंडाल में बोस का स्वागत किया। 'अष्टमी' पूजा के कुछ अनुष्ठानों के दौरान राज्यपाल वहां उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ''भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी और हिंसा के खिलाफ हमारा संघर्ष भी जारी रहेगा। भ्रष्टाचार एक रक्तबीज है और हिंसा एक 'आसुरी शक्ति' है। जिस तरह देवी दुर्गा ने 'महिषासुर' का वध किया और देवी काली ने 'रक्तबीज' का वध किया, हम भी भ्रष्टाचार और हिंसा को खत्म करेंगे।'' घोष ने राज्यपाल के बयान को अधिक तवज्जो नहीं दी और कहा कि यह व्यापक पैमाने पर दुनिया के संदर्भ में दिया गया है। उन्होंने दावा किया, ''राज्यपाल ने जो कहा वह पूरी दुनिया के संदर्भ में है, इसमें गाजा में हुई हिंसा भी शामिल है। इसकी किसी अन्य तरीके से व्याख्या नहीं की जानी चाहिए।''

उन्होंने कहा कि यदि राज्यपाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हित में काम करते दिखे, तो टीएमसी विरोध-प्रदर्शन करना जारी रखेगी।

तेलंगाना चुनाव: भाजपा ने तीन सांसद मैदान में उतारे, इटाला राजेन्द्र गजवेल में केसीआर को देंगे चुनौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 52 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ अपने विधायक इटाला राजेन्द्र को गजवेल से उम्मीदवार बनाया है, जबकि तेलंगाना इकाई के पूर्व अध्यक्ष बंदी संजय कुमार समेत अपने तीन सांसदों को भी विधानसभा चुनाव के मैदान में उतारा है।

भाजपा ने अपने हिंदूवादी नेता टी राजा सिंह का निलंबन रद्द करने के बाद उनकी गौशमहल सीट से उन्हें मैदान में उतारा है। राजा सिंह को एक सोशल मीडिया मंच पर अपलोड किए गए वीडियो में ''इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद'' के खिलाफ उनकी कथित विवादास्पद टिप्पणियों के बाद पिछले साल अगस्त में पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस वीडियो को बाद में सोशल मीडिया मंच से हटा दिया गया था।

सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गौशमहल से उम्मीदवार बनाए जाने पर मैं भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में शुक्रवार को हुई भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को अंतिम रूप दिया गया। पार्टी ने 12 महिलाओं को उम्मीवार बनाया है। पार्टी ने तेलंगाना इकाई के पूर्व अध्यक्ष व करीमनगर से सांसद बंदी संजय कुमार को करीमनगर विधानसभा क्षेत्र से, निजामाबाद के सांसद अरविंद धर्मापुरी को कोराटला विधानसभा क्षेत्र से और आदिलाबाद के सांसद सोयम बाबू राव को बोआथ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। तेलंगाना से भाजपा के चार लोकसभा सदस्य हैं।

चौथे सांसद केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी हैं। वह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उम्मीदवारों की पहली सूची में हालांकि उनका नाम नहीं है। तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से भाजपा में आए पूर्व मंत्री इटाला राजेन्द्र, गजवेल के अलावा हुजूराबाद से भी चुनाव लड़ेंगे।

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल वनडे में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धर्मशाला/भाषा। भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेजी से दो हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

गिल ने 38 पारियों में यह मुकाम हासिल किया और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला का रिकॉर्ड तोड़ दिया जिन्होंने 40 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। चौबीस साल के गिल को आज यह उपलब्धि हासिल करने के लिए 14 रन की जरूरत थी। उन्होंने यह उपलब्धि भारतीय पारी के सातवें ओवर में हासिल की जब उन्होंने ट्रेंट बोल्ट पर चौका लगाया। हालांकि गिल 14वें ओवर में 31 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर कैच थमाया।

भारत घरेलू धरती पर विश्व कप का प्रबल दावेदार: टेलर

नई दिल्ली/भाषा। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रोस टेलर का मानना है कि भारतीय टीम अपनी घरेलू धरती पर पूरी तरह से बदली हुई नजर आती है और वह विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम ने अपने पहले चारों में जीतकर विश्व कप में शानदार शुरुआत की है। टेलर ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा, ''भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों में पूरी तरह से बदली हुई नजर आती है और उन्होंने अभियान का शानदार आगाज किया है। प्रतियोगिता के वर्तमान चरण में वह खिताब की प्रबल दावेदार नजर आती है।'' भारत ने अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं जबकि गेंदबाजी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तथा स्पिनर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। टेलर ने कहा, ''जसप्रीत बुमराह बहुत अच्छी तरह से आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं जबकि कुलदीप और जडेजा वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उसके शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों ने हमेशा उपयोगी योगदान दिया है।''

बोर्निल ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत के अंडर-15 बैडमिंटन खिलाड़ी बोर्निल आकाश चांगमाई ने रविवार को चीन के चेंगदू में बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में फैन होंग जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। लड़कों के एकल फाइनल में बोर्निल ने चीन के 14 साल के खिलाड़ी को 34 मिनट में 21-19, 21-13 से शिकस्त दी।

तेरह बरस के बोर्निल 2013 में सिरिल वर्मा के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले दूसरे जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी बन गये हैं।

सुविचार

अपनी जिंदगी में हर किसी को अहमियत दे, क्योंकि जो अच्छे होंगे वह साथ देंगे और जो बुरे होंगे वह सबक देंगे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

गांवों में पर्यटन

विश्व पर्यटन संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा गुजरात के धोरडो को 'उत्कृष्ट पर्यटन गांव' घोषित किया जाना देश के लिए गर्व की बात है। इस गांव की तर्ज पर अन्य गांवों में भी पर्यटन की संभावनाएं तलाशने की ज़रूरत है। गुजरात के कच्छ का यह गांव अपनी कई खूबियों के लिए जाना जाता है। इस गांव ने दिखा दिया कि अल्प संसाधनों से भी अपनी पहचान बनाई जा सकती है और रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकते हैं। प्राय: गांवों के लिए सबसे बड़ा व्यवसाय कृषि समझा जाता है, लेकिन कच्छ का यह इलाका अधिक उपजाऊ नहीं है। दूर-दूर तक 'सफेद रेगिस्तान' को देखकर हर किसी के मन में यह सवाल पैदा हो सकता है कि यहां कोई पर्यटक क्यों आएगा? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2009 (तब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे) में इस गांव का दौरा कर इसे पर्यटन के नक्शे पर खास पहचान देने की कोशिश की थी। वे साल 2015 में भी धोरडो गए थे। अब यह गांव अपनी समृद्ध संस्कृति व आतिथ्य के साथ हस्तशिल्प के लिए दुनिया में जाना जाता है। यहां मुतवा समुदाय के लोग सुई-धागे के काम में खास महारत रखते हैं। वे जो कढ़ाई करते हैं, वह उनकी पहचान बन गई है। यहां शीशे व चांदी के आभूषण बनाए जाते हैं। इसके अलावा टेंट सिटी खास आकर्षण है, जहां देश-विदेश के पर्यटक ठहरते हैं। भारत के अनेक गांवों में पर्यटन के नक्शे पर इस तरह उभरने की क्षमता है, बशर्ते सरकारें इस दिशा में गंभीरता से काम करें। यूरोप से आने वाले कई पर्यटक दो सौ साल पुरानी इमारत को बहुत अचंभे से देखते हैं, जबकि भारत में पांच सौ-एक हजार साल पुराने किले, बावड़ी आसानी से मिल जाते हैं। कई गांवों में इससे भी ज्यादा पुरानी इमारतें, छतरियां हैं, लेकिन न तो स्थानीय लोग उनके संरक्षण की ओर खास ध्यान देते हैं और न सरकारें दिलचस्पी दिखाती हैं।

भारत के हर जिले में ऐसे गांव हैं, जो अपने इतिहास, विशिष्ट कला, प्राकृतिक सौंदर्य, खानपान की बदौलत पर्यटन गांव बन सकते हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में, जहां भारतवासी यूट्यूब पर यह देखते हैं कि अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन ... जैसे देशों के शहरों में लोग कैसे रहते हैं, वहीं इन देशों के लोग भारत के गांवों की जीवनशैली के बारे में जानने की जिज्ञासा रखते हैं। वे महानगरों की भीड़ व चकाचौंध से दूर कुछ दिन गांवों में बिताना चाहते हैं, जहां सुकून व शांति हो। ऐसे में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि गांवों का देश होने के नाते कुदरत हम पर बहुत मेहरबान है। उत्तराखंड के एक गांव का युवक, जो सोशल मीडिया पर स्थानीय खानपान आदि से संबंधित वीडियो पोस्ट करता है, ने जो बताया, उस पर सबको गौर करना चाहिए। उसके अनुसार, उत्तराखंड के गांवों में ऐसे कई (वीरान) घर हैं, जिन्हें छोड़कर लोग कस्बों और महानगरों में चले गए, लेकिन उसके वीडियो देखकर अमेरिका से कई लोगों ने संपर्क किया कि वे ऐसे घरों में कुछ दिन बतौर मेहमान रहना चाहते हैं! उन लोगों के पास महंगे घर, गाड़ियां, संसाधन हैं, लेकिन सुकून नहीं है। ओडिशा के एक गांव में गरीब परिवार से आने वाले आदिवासी युवक की खुशी का उस समय ठिकाना नहीं रहा, जब उसके वीडियो पर हजारों व्यूज आने लगे! उसने सिर्फ यही दिखाया था कि उसकी दिनचर्या कैसी है, लोग क्या काम करते हैं, क्या खाते हैं ... ! राजस्थान के जयपुर में बाजरे की रोटी, लहसुन की चटनी, छाछ ... आदि परोसने वाले एक होटल में विदेशी पर्यटकों की रौनक छाई रहती है। छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले के गांवों में 'गोदना' (टैटू) कला इतनी मशहूर है कि यह देश-विदेश के पर्यटकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। यहां आदिवासियों का विश्वास है कि 'गोदना' इकलौता गहना है, जो जीवन में तो उनके साथ रहता ही है, मृत्यु के बाद भी साथ रहता है। भारत के गांव-गांव में ऐसी कलाएं मौजूद हैं। अगर उन्हें पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए तो वे कमाल कर सकती हैं। हां, अगर उनकी उपेक्षा जारी रही तो कुछ दशक बाद उन पर लुप्त होने का खतरा मंडरा सकता है। उनका संरक्षण करना सरकारों के साथ ही स्थानीय लोगों की भी जिम्मेदारी है। अगर पर्यटकों के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराकर रचनात्मक प्रयास किए जाएं तो भारत के अनेक गांव 'धोरडो' बन सकते हैं।

ट्वीटर टॉक

टोंक के बूथ कार्यकर्ताओं के आयोजित सम्मेलन में सार्थक संवाद हुआ एवं आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्येक बूथ को लेकर चर्चा की। हमारे कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह बता रहा है कि टोंक में कांग्रेस बड़ी जीत दर्ज करेगी।

-सचिन पायलट

मां भारती की सेवा में सतत सक्रिय गृह मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! आपने संगठन क्षमता एवं कार्य कुशलता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। आपका दृढ़ निश्चयी व्यक्तित्व देशभक्तों को विश्वास प्रदान करता है।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत

माँ भारती के यश व गौरव को बढ़ाने हेतु सदैव तत्पर रहने वाले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएँ।मेरी प्रार्थना है कि ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घ आयुष्य प्रदान करें तथा आपसे हम सभी कार्यकर्ता सतत प्रेरणा प्राप्त करते रहें।

-अरुण सिंह

प्रेरक प्रसंग

कंजूस आदमी

एक नगर में आनंद नाम का बहुत ही धनवान व्यक्ति रहता था, आनंद जितना धनवान था उतना ही कंजूस भी था, उसने अपने पुत्र मोहन को भी अपने जैसा कंजूश बना रखा था, जीवन भर कंजूस की जिंदगी जीने के बाद जब आनंद की मृत्यु हो गया तो वह मरकर कुत्ते की योनि में जन्म लिया। एक दीन वह अपने मनुष्य जन्म के पुत्र मोहन के मकान के सामने से गुजरा, तब उसे पूर्व जन्म की स्मृति हुई, उसे लगा की अरे यह तो मेरा ही घर है मेरी ही संपत्ति है मेरा ही पुत्र है, यह सोचते हुए वह कुत्ता बेधड़क उस घर में घुस गया, और रसोई में जाकर भोजन आदि को खाने लगा। बर्तनो की आवाज सुनकर दूसरे कमरे में बैठे मोहन को संदेह हुआ, वह रसोई घर में पंहुचा और देखा की एक कुत्ता भोजन को खा रहा है, मोहन को उस कुत्ते के दुस्साहस पर हुस्सा आया, उसने लाठी उठाई और उस कुत्ते की खूब पिटाई कर दिया, पिटाई इतनी हुई की कुत्ते का कमर ही टूट गया, अब वह न तो भाग पा रहा था। तब उसे अपने पूर्व जन्म के आचरण और अपने बेटे के परवरिश पर पछतावा हुवा। कहानी का तातपर्य ही की मनुष्य मेरा पुत्र मेरा धन करके इतराता रहता है, जब मनुष्य अपने खुद का नहीं हो सकता तो धन और पुत्र वो कहा तक साथ देंगे।

सामयिक

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दशहरा

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034

दशहरा भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण का संहार किया था तो देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार करने वाले महिषासुर का 10 दिन तक चले भयंकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने वध किया था। इसीलिये इसको विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। इस दिन शस्त्र-पूजा की जाती है। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का समापन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है।

भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है।

दशहरा शब्द हिंदी के दो शब्दों दस और हारा से मिलकर बना है। जहां दस गणित के अंक दस (10) और हारा शब्द पराजित का सूचक है। इसलिए यदि इन दो शब्दों को जोड़ दिया जाए तो दशहरा बनता है। जो उस दिन का प्रतीक है जब दस सिर वाले दुष्ट रावण का भगवान राम ने वध किया था। दशहरा अथवा विजयदशमी पर्व को भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में। दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है। शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है।

हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा बहुत प्रसिद्ध है। अन्य स्थानों की ही भांति यहां भी दस दिन अथवा एक सप्ताह पूर्व इस पर्व की तैयारी आरंभ हो जाती है। स्त्रियां और पुरुष सभी सुंदर वस्त्रों से सज्जित होकर ढोल, नगाड़े, बांसुरी आदि वाद्य यंत्रो को लेकर बाहर निकलते हैं। पहाड़ी लोग अपने ग्रामीण देवता का धूम धाम से जुलूस निकाल कर पूजन करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत ही आकर्षक पालकी में सुंदर ढंग से सजाया जाता है। साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथ जी की भी पूजा करते हैं। इस जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नटी नृत्य करते हैं। इस प्रकार जुलूस बनाकर नगर के मुख्य भागों से होते हुए नगर परिक्रमा करते हैं और कुल्लू नगर में देवता रघुनाथजी की वंदना से दशहरे के उत्सव का आरंभ करते हैं। दशमी के दिन इस उत्सव की शोभा निराली होती है।

कर्नाटक में मैसूर का दशहरा भी पूरे भारत में प्रसिद्ध है। मैसूर में दशहरे के समय पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सज्जित किया जाता है और हाथियों का शृंगार कर पूरे शहर में एक भव्य जुलूस निकाला जाता है। इस समय प्रसिद्ध मैसूर महल को दीपमालिकाओं से दुल्हन की तरह सजाया जाता है। इसके साथ शहर में लोग टार्च लाइट के संग नृत्य और संगीत की शोभायात्रा का आनंद लेते हैं। पंजाब में दशहरा नवरात्रि के नौ दिन का उपवास रखकर मनाते हैं। इस दौरान यहां आगंतुकों का स्वागत पारम्परिक मिठाई और उपहारों से किया जाता है। यहां भी रावण-दहन के आयोजन होते हैं व मैदानों में मेले लगते हैं।

महाराष्ट्र में नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं जबकि दसवें दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना की जाती है। इस दिन विद्यालय जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश एवं नये घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है।

बस्तर में दशहरे के मुख्य कारण को राम की रावण पर विजय ना मानकर लोग इसे मां दंतेश्वरी की आराधना को समर्पित एक पर्व मानते हैं। दंतेश्वरी माता बस्तर अंचल के निवासियों की आराध्य देवी हैं जो दुर्गा का ही रूप हैं। यहां यह पर्व पूरे 75 दिन चलता है। यहाँ दशहरा श्रावण मास की अमावस से आश्विन मास की शुक्ल त्रयोदशी तक चलता है। बस्तर में यह समारोह लगभग 15वीं शताब्दी से शुरु हुआ था। इसका समापन अश्विन शुक्ल त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है।

बंगाल, ओडिशा और असम में यह पर्व दुर्गा पूजा के रूप में ही मनाया जाता है। यह बंगालियों, ओडिया, और आसमिया लोगों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। बंगाल में दशहरा पूरे पांच दिनों के लिए मनाया जाता है। ओडिशा और असम मे चार दिन तक त्योहार चलता है। यहां देवी दुर्गा को भव्य सुशोभित पंडालों में विराजमान करते हैं। देश के नामी कलाकारों को बुलवा कर दुर्गा की मूर्ति तैयार करवाई जाती हैं। इसके साथ अन्य देवी द्रेवताओं की भी कई मूर्तियां बनाई जाती हैं।

यहां दशमी के दिन विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। प्रसाद चढ़ाया जाता है और प्रसाद वितरण किया जाता है। पुरुष आपस में आलिंगन करते हैं जिसे कोलाकुली कहते हैं। स्त्रियां देवी के माथे पर सिंदूर चढ़ाती हैं व देवी को अश्रुपूरित विदाई देती हैं। इसके साथ ही वे आपस में भी सिंदूर लगाती हैं व सिंदूर से खेलती हैं। इस दिन यहां नीलकंठ पक्षी को देखना बहुत ही शुभ माना जाता है। अन्त में देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जाता है। मूर्ति विसर्जन यात्रा बड़ी दर्शनीय होती है।

गुजरात में मिट्टी सुशोभित रंगीन घड़ा देवी का प्रतीक माना जाता है और इसको कुंवारी लड़कियां सिर पर रखकर एक लोकप्रिय नृत्य करती हैं जिसे गरबा कहा जाता है। गरबा नृत्य इस पर्व की शान है। पुरुष एवं स्त्रियां दो छोटे रंगीन डंडों को संगीत की लय पर आपस में बजाते हुए घूम घूम कर नृत्य करते हैं। इस अवसर पर भक्ति, फिल्म तथा पारम्परिक लोक-संगीत सभी का समायोजन होता है। पूजा और आरती के बाद डांडिया रास का आयोजन पूरी रात होता रहता है। नवरात्रि में सोने और गहनों की खरीद को शुभ माना जाता है। कश्मीर के अल्पसंख्यक हिन्दू नवरात्रि के पर्व को श्रद्धा से मनाते हैं। परिवार के सारे वयस्क सदस्य नौ दिनों तक उपवास करते हैं। अत्यंत पुरानी परम्परा के अनुसार नौ दिनों तक लोग माता खीर भवानी के दर्शन करने के लिए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय विजय नामक मुहूर्त होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। इसलिए भी इसे विजयादशमी कहते हैं।

तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में दशहरा नौ दिनों तक चलता है जिसमें तीन देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा की पूजा करते हैं। पहले तीन दिन धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन होता है। अगले तीन दिन कला और विद्या की देवी सरस्वती की अर्चना की जाती है और अंतिम दिन देवी शक्ति की देवी दुर्गा की स्तुति की जाती है। पूजन स्थल को अच्छी तरह फूलों और दीपकों से सजाया जाता है। लोग एक दूसरे को मिठाइयां व कपड़े देते हैं। यहां दशहरा बच्चों के लिए शिक्षा या कला संबंधी नया कार्य सीखने के लिए शुभ समय होता है।

नजरिया

अटारी बॉर्डर पर फहरा रहा है देश का सबसे ऊंचा तिरंगा

लोकेन्द्र सिंह

भारत-पाकिस्तान सीमा 'अटारी बॉर्डर' (पूर्व में वाघा बॉर्डर) पर अब पाकिस्तान के झंडे से भी ऊंचा भारत का तिरंगा लहरा रहा है। विशेष सर्विलांस तकनीक से सुसज्जित यह ध्वज सरहद पर निगरानी में हमारे जवानों की सहायता करेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 19 अक्टूबर को अटारी बॉर्डर पर स्वर्ण जयंती द्वार' के सामने देश का सबसे ऊंचा तिरंगा फहराया। पहले भी यहाँ 360 फीट ऊंचे ध्वज स्तम्भ पर विशाल तिरंगा फहराता था, जिसे वर्ष 2017 में स्थापित किया गया था। प्रत्येक युद्ध में पराजय का सामना करनेवाले पाकिस्तान ने भारत को नीचा दिखाने के लिए 400 फीट ऊंचे पोल पर अपना झंडा फहरा दिया। ऐसा करके पाकिस्तान ने सोचा होगा कि अब भारत का झंडा सदैव पाकिस्तान के झंडे से नीचे रहेगा। परंतु पाकिस्तान भूल गया कि यह नया भारत है। पाकिस्तान को इस मनोवैज्ञानिक युद्ध में भी विजय नहीं मिलनी थी। भारत का ध्वज, पाकिस्तान के झंडे से नीचे लहराए, यह किसे बर्दाश्त होता। अंतत: केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 3.5 करोड़ रुपए में अटारी बॉर्डर पर 418 फीट के नये ध्वज स्तंभ को स्थापित किया है। जिस पर फहरा रहा हमारा प्यारा तिरंगा अब बहुत दूर से ही, सबसे ऊपर, नीले गगन में शान से लहराता हुआ दिखायी देता है। उल्लेखनीय है कि अटारी पर फहरा रहा तिरंगा, अब देश में सबसे ऊंचा तिरंगा हो गया है। इससे पहले कर्नाटक के बेलगाम में देश का सबसे ऊंचा झंडा 360.8 फीट पर फहरा रहा था। पिछले दिनों (4 सितंबर, 2023) जब मैं अटारी पर गया तो वहां भारत का ध्वज नहीं पाकर थोड़ा अजीब लगा था। अटारी बॉर्डर की ओर बढ़ रहे थे तो बहुत दूर से पाकिस्तान का विशाल ध्वज तो फहराता हुआ दिख रहा था, लेकिन अपने तिरंगे के बिना आसमान सूना लग रहा था। अटारी पहुँचकर मैंने सबसे पहले सैनिक बंधुओं से पूछा कि यहां पाकिस्तान का इतना बड़ा झंडा फहरा रहा है, जो भारत में भी बहुत दूर तक दिख रहा है। जबकि हमारे ध्वज स्तंभ खाली पड़े हैं। तब उन्होंने पाकिस्तान की चालकी के बारे में बताया और कहा कि हम पाकिस्तान के झंडे से नीचे अपना राष्ट्रीय ध्वज कैसे फहरा सकते हैं।

चिंतन

बेटियों के प्रति दृष्टिकोण बदलने की जरूरत

प्रियंका सौरभ
मोबाइल : 7015375570

नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातें'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भारतीय नारीवादियों और आधुनिक भारतीय महिलाओं ने इस परित्यक्त देवी प्रतीकवाद पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है क्योंकि इसे पितृसत्तात्मक उत्पीड़न के एक सक्रिय उपकरण के रूप में भी इस्तेमाल किया गया है। अन्य संस्कृतियों और पौराणिक कथाओं में भी कुछ सबसे प्रमुख देवी माताएँ रही हैं और आदर्श मातृत्व के जीवन के प्रतीक हैं - उदाहरण के लिए, मिस्र के आइसिस, ग्रीक डेमेटर या कैथोलिक धर्म में, मैरी यीशु की माँ के रूप में। लेकिन किसी अन्य संस्कृति में छोटी लड़कियों को देवी के रूप में नहीं पूजा जाता जैसा कि भारत में किया जाता है। कई पश्चिमी नारीवादी और विश्व स्तर पर बहुत सारी महिलाएं हिंदू देवी-देवताओं को प्रेरणादायक और आंतरिक शक्ति प्रदान करने वाली मानती हैं।

नवरात्रों में भारत में कन्याओं को देवी तुल्य मानकर पूजा जाता है। पर कुछ लोग नवरात्रि के बाद यह सब भूल जाते हैं। कई जगह कन्याओं का शोषण होता है और उनका अपमान किया जाता है। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन जिन छोटी-छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों की पूजा की जाती है, उनके साथ अक्सर दुर्व्यवहार और भेदभाव किया जाता है। ऐसे कई देवी मंदिर हैं जहां रजस्वला महिलाओं या कथित निचली जाति की महिलाओं को प्रवेश करने की भी मनाही है, देवी के बहुत सारे पूजा स्थल हैं जहां केवल पुरुषों को आंतरिक गर्भगृह में जाने की अनुमति है और महिलाओं को नहीं। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन कंजक या कन्या के रूप में पूजी जाने वाली छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों को अक्सर बाकी दिनों के लिए लड़कियों के रूप में जन्म लेने के लिए गाली दी जाती है, उनके साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हें 'अपवित्र' माना जाता है। मासिक धर्म शुरू होने के बाद उनकी पूजा की जानी चाहिए। आज भी भारत में बहुत सारे गांवों में कन्या के जन्म पर दु:ख मनाया जाता है। कन्याओं और महिलाओं के प्रति हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। देवी तुल्य कन्याओं का सम्मान करें। इनका आदर करना ईश्वर की पूजा करने जितना ही पुण्य प्राप्त होता है। शास्त्रों में भी लिखा है कि जिस घर में स्त्रियों का सम्मान किया जाता है वहां भगवान खुद वास करते हैं।

बदलते दौर में देवी की समकालीन समझ की आवश्यकता है, यह देवी की अवधारणा में विविधता लाने का समय है। कुछ साल पहले, टैप रूट इंडिया ने एक अभियान विकसित किया जिसमें तीन मुख्य हिंदू देवियों - दुर्गा, सरस्वती, और लक्ष्मी की छवियों को प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उनके चेहरे पर चोट और चोट के निशान थे जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा का संकेत देते थे। अब समय आ गया है, हो सकता है कि देवी से संबंधित इन सभी प्रतीकों को वर्तमान वातावरण के अनुरूप फिर से कल्पना करने की आवश्यकता हो और छाती ठोकने वाली जय माता दी, माता की जय की देवी पूजा को यदि प्रतिस्थापित नहीं किया जाता है तो इसका लड़कियों और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अधिक सम्मान करने की आवश्यकता है। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते? केवल पुलिस के डंडों से नैतिकता नहीं संवरती, उसके लिए नैतिक प्रयास भी करने होंगे। इसके साथ ही आरक्षण द्वारा कुछ महिलाओं को पंचायत, निगमों या भविष्य में संसद या विधानसभाओं में भेजने पर भी महिलाएं तब तक सशक्त नहीं हो सकतीं, जब तक समाज में स्वस्थ वातावरण नहीं होगा। बहुत से घरों में लड़कियों को वह स्थान और सम्मान नहीं जो परिवार के बेटों को है। हमारे समाज के कुछ प्रमुख व्यक्ति और राजनीतिक नेता भी केवल कागजी भाषण देने में तो शेर है, पर घर के अंदर प्रवेश करते ही या भूल जाते हैं कि बाहर महिला अधिकार के लिए क्या-क्या भाषण देकर आए हैं? कितना अफसोस है कि जो संविधान महिला को राष्ट्रपति बना सकता है वह किसी मंदिर की मुखिया नहीं बना सकता। आज भी कुछ मंदिर ऐसे हैं जहाँ महिलाओं को प्रवेश नहीं करने दिया जाता। परिवार के मुखिया पुरुष की मृत्यु के समय पगड़ी बेटियों के सिर पर रख दी जाती है। जब महिला की मृत्यु होती है उसकी बेटियां या बहू ऐसा अधिकार नहीं रखती जो बेटे या पति को रहता है। बहुत से समुदाय में तो बिरादरी में बाँधी जा रही पगड़ी को महिलाएं हाथ भी नहीं लगा सकती। देश के समाचार पत्रों में, टीवी चैनलों की खबरों के बुलेटिन के साथ एक दिन भी ऐसा नहीं जाता जब देश के किसी न किसी भाग में बालिग अथवा नाबालिग के साथ दुराचार का समाचार न मिले। समाचार मिलता है कि एक युवती का अपहरण हुआ और कार में ही उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद सड़क पर फेंक गए। इन समाचारों के अधिक उदाहरण देना आवश्यक नहीं, क्योंकि दुर्भाग्य से हमें प्रतिदिन यही सुनना और देखना पड़ता है।

कन्या पूजन के साथ हमें यह संकल्प लेना होगा कि जिस लड़की की हम पूजा कर रहे हैं मंदिर की पुजारी क्यों नहीं बन सकती? कम से कम जो देवियों के मंदिर है वहां की पूजा तो महिलाएं करें। इसमें तर्क भी है समाज सोचे तो सही? मंदिर के अध्यक्ष क्यों नहीं बन सकती? ढोलक बजा सकती है, लंगर पका सकती है। लेकिन कुछ विशेष मंदिरों में उसी देव मूर्ति के दर्शन नहीं कर सकती जिनके गीत गाकर वो गला फाड़ लेती है या उनके लिए खाना बना कर भोग लगाती है। याद रखना होगा कि समाज को तो मानसिकता बदलनी है ही पर पहले महिलाओं को मानसिकता बदलनी होगी।

नवरात्रि का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। नौ दिनों तक नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। कहते हैं कि जिस घर में माता की पूजा होता है, वह सुख-समृद्धि बनी रहती है। देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें। अगर आप देवी पूजा करते हैं तो महज नवरात्रि के मौके पर नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति आदर सदैव बनाए रखें। इन नवरात्रि देवी के सामने महिला सम्मान का संकल्प लें और अपने आचरण में कुछ बदलाव लाएं, ताकि मां, बेटी और समाज की हर नारी सुरक्षित व सम्मानित महसूस कर सके।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

चीन ने 2022 में एलएसी पर सैनिकों की तैनाती, बुनियादी ढांचे का निर्माण बढ़ाया : पेंटागन

वाशिंगटन/भाषा

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने भारत के साथ सीमा विवाद के बीच 2022 में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी थी और बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा, जिसमें डोकलाम के निकट भूमिगत भंडारण केंद्र, पैंगोंग झील पर दूसरा पुल और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास हवाई अड्डा तथा विभिन्न हेलीपैड का निर्माण शामिल है।

भारत और चीन व्यापक राजनयिक व सैन्य वार्ताओं के बाद कई इलाकों से सैनिकों के वापस बुला चुके हैं, फिर भी दोनों देशों के सैनिकों के बीच पिछले तीन साल से पूर्वी लद्दाख के विभिन्न स्थानों पर टकराव जारी है। 'मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलपमेंट्स इन्वॉल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' रिपोर्ट, 2023 के अनुसार: मई 2020 की शुरुआत से, भारत-चीन सीमा पर निरंतर तनाव ने वेस्टर्न थिएटर कमांड का ध्यान आकर्षित किया।

इस महीने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है, सीमा निर्धारण के संबंध में भारत और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के बीच अलग-अलग धारणाएं हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और दोनों पक्षों के हालिया बुनियादी ढांचे के निर्माण के कारण कई झड़पें हुईं, गतिरोध जारी रहा और साझा सीमा पर सैनिकों की तैनाती हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में चीन ने एलएसी पर सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा।

रिपोर्ट के अनुसार, इस बुनियादी ढांचे में डोकलाम के पास भूमिगत भंडारण सुविधाएं, एलएसी के सभी तीन क्षेत्रों में नई सड़कें, पड़ोसी भूटान में विवादित क्षेत्रों में नए गांव, पैंगोंग झील पर दूसरा पुल, हवाई अड्डा और कई हेलीपैड शामिल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जून 2020 में गलवान घाटी में पीआरसी और भारतीय गश्ती दल के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद 'वेस्टर्न थिएटर कमांड' ने भारी संख्या में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सैनिकों को एलएसी पर तैनात कर दिया था।

भारत और चीन के बीच सैनिकों के बीच 15 जून 2020 को गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हो गए थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में भी एलएसी पर वेस्टर्न थियेटर कमांड की तैनाती जारी रहने की आशंका है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और चीन के बीच वार्ता में बहुत कम प्रगति हुई है क्योंकि दोनों पक्ष सीमा पर अपने-अपने क्षेत्र से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

भारत का कहना है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के पास 500 से अधिक सक्रिय परमाणु हथियार हैं और ये 2030 तक संभवतः 1,000 से अधिक हो जाएंगे।

विमोचन

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा रविवार को कटरा में माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा पर यात्रा गाइड बुक का विमोचन करते हुए।

फ्रांस के खुफिया विश्लेषण में गाजा के अस्पताल में विस्फोट के लिए फलस्तीनी रॉकेट को माना जिम्मेदार

पेरिस/एपी

फ्रांस की सेना की खुफिया रिपोर्ट के आकलन से संकेत मिलता है कि गाजा शहर के अल-अहली अस्पताल में भीषण विस्फोट का सबसे संभावित कारण एक फलस्तीनी रॉकेट था, जो लगभग पांच किलोग्राम का विस्फोटक ले जा रहा था और संभवतः नाकाम हो गया था। फ्रांस की सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

खुफिया अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के शस्त्रागार में मौजूद कई रॉकेटों में लगभग इतने ही वजन के विस्फोटक होते हैं, जिनमें एक ईरान निर्मित रॉकेट और दूसरा फलस्तीन निर्मित रॉकेट शामिल है। अधिकारी ने कहा कि उनकी किसी भी खुफिया जानकारी ने इस घटना में इजराइली हमले की ओर इशारा नहीं किया।

अधिकारी ने कहा कि यह विश्लेषण गोपनीय जानकारी, उपग्रह तस्वीरों, अन्य देशों द्वारा साझा की गई खुफिया सूचना तथा ओपन-सोर्स जानकारी पर आधारित है।

अस्पताल के परिसर में विस्फोट से गड्ढा बन गया, जिसका आकार फ्रांसीसी सैन्य खुफिया द्वारा लगभग एक मीटर लंबा, 75 सेंटीमीटर चौड़ा और लगभग 30 से 40 सेंटीमीटर गहरा होने का अनुमान लगाया गया।

अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि करीब पांच किलोग्राम के विस्फोटक से गड्ढा बना है। अधिकारी ने कहा कि गड्ढा थोड़ा दक्षिण से उत्तर की ओर बना है, जिससे पता चलता है कि विस्फोटक दक्षिण से उत्तर की तरफ तिरछे कोण पर टकराया। हमास शासित गाजा के अधिकारियों ने मंगलवार को अस्पताल में हुए विस्फोट के लिए इजराइली हवाई हमले को जिम्मेदार ठहराया। इजराइल ने अस्पताल पर विस्फोट में शामिल होने से इनकार किया और संबंधित वीडियो, ऑडियो और अन्य सबूत जारी किए, जिसमें कहा गया कि विस्फोट एक अन्य फलस्तीनी आतंकवादी समूह इस्लामिक जिहाद द्वारा छोड़े गए रॉकेट के कारण हुआ था। हालांकि, इस्लामिक जिहाद ने घटना में संलिप्तता से इनकार किया।

घटना में मारे गए लोगों की संख्या पर भी विवाद है। विस्फोट के एक घंटे के भीतर, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 500 लोग मारे गए। इसके बाद उसने बुधवार को मृतकों का ब्योरा दिए बिना इसे संशोधित कर 471 कर दिया। इजराइली सेना ने संवाददाताओं से कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई है। फ्रांस के सैन्य खुफिया अधिकारी ने कहा, ''भरोसे के साथ कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन हमें नहीं लगता कि इतने आकार का रॉकेट 471 लोगों की जान ले सकता है। यह संभव नहीं है।'' अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अस्पताल पर विस्फोट की घटना में लगभग 100 से 300 फलस्तीनियों के मारे जाने की आशंका है। गाजा में भी मृतकों के बारे में विरोधाभासी अनुमान जताए गए। अल-अहली अस्पताल के अधिकारियों ने कोई पुख्ता संख्या बताए बिना केवल इतना कहा कि मरने वालों की संख्या सैकड़ों में थी।

महिलाओं का सम्मान करने वाला समाज ही विकास की बुलंदियों को छूता है : योगी आदित्यनाथ

अयोध्या/लखनऊ/भाषा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि वही समाज सशक्त होगा और विकास की बुलंदियों को छुएगा जहां नारी का सम्मान होगा।

आदित्यनाथ ने अयोध्या दौरे के दूसरे दिन शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर यहां राम कथा पार्क से 'मिशन महिला सारथी' की शुरुआत करने के दौरान यह टिप्पणी। उन्होंने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की 51 नई बसों को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

अधिकारियों के मुताबिक, इन बसों में चालक और परिचालक महिलाएं होंगी। अपने संबोधन में आदित्यनाथ ने कहा, 'वास्तव में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा व उनका स्वावलंबन सदैव से एक चुनौती का विषय रहा है और इसीलिए भारतीय समाज ने सदैव से इस विषय को प्रमुखता से आगे बढ़ाया है।' उन्होंने कहा कि वही समाज सशक्त होगा, आत्मनिर्भर होगा और सर्वांगीण विकास की बुलंदियों को छूता हुआ दिखाई देगा जहां नारी का सम्मान होगा, उनकी गरिमा की रक्षा होगी और वह स्वावलंबी होंगी।'

'मिशन महिला सारथी' पर मुख्यमंत्री ने परिवहन निगम की सराहना करते हुए कहा कि जो लोग कहते थे कि महिलाएं अमुक काम नहीं कर सकती हैं, उन्हें राज्य परिवहन निगम ने गलत साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब महिला चालक भी हैं और परिचालक भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे महिलाएं स्वावलंबी होंगी और उनका सम्मान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस और शासन के अन्य विभागों में डेढ़ लाख से अधिक 'बेटियों' को रोज़गार उपलब्ध कराया गया है और अब परिवहन निगम द्वारा बसों में महिलाओं को चालकों एवं परिचालकों के तौर पर रोजगार देकर इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

अपने दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने अयोध्या में छोटी देवकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की।

आदित्यनाथ ने अयोध्या में महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी।

पहली छमाही में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा अमेरिका, चीन दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली/भाषा

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और घटते निर्यात एवं आयात के बावजूद अमेरिका चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है। सरकारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है।

वाणिज्य मंत्रालय के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर, 2023 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 11.3 प्रतिशत घटकर 59.67 अरब डॉलर रह गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 67.28 अरब डॉलर था। अप्रैल-सितंबर, 2023 में अमेरिका को निर्यात घटकर 38.28 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले साल समान अवधि में 41.49 अरब डॉलर था। अमेरिका से आयात भी घटकर 21.39 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 25.79 अरब डॉलर था।

इसी तरह, भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार भी 3.56 प्रतिशत घटकर 58.11 अरब डॉलर रह गया।

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चीन को निर्यात मामूली रूप से घटकर 7.74 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 7.84 अरब डॉलर था। चीन से आयात भी घटकर 50.47 अरब डॉलर पर आ गया, जो पिछले साल समान अवधि में 52.42 अरब डॉलर था। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक मांग में कमजोरी के कारण भारत और अमेरिका के बीच निर्यात तथा आयात में गिरावट आ रही है, लेकिन व्यापार वृद्धि जल्द सकारात्मक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आने वाले वर्षों में अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का रुझान जारी रहेगा क्योंकि भारत और अमेरिका आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की निर्यात व आयात (एक्जिम) पर राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष संजय बुधिया ने पहले कहा था भारतीय निर्यातकों को अमेरिका द्वारा 'सामान्य तरजीह प्रणाली' (जीएसपी) लाभ की बहाली के लिए शीघ्र समाधान समय की मांग है क्योंकि इससे द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ावा मिलने में मदद मिलेगी। मुंबई स्थित निर्यातक खालिद खान ने कहा कि रुझान के अनुसार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना रहेगा।

'मैं तुम और हमारी शादी' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

आदिशक्ति इंटरटेनमेंट प्रस्तुत और अजय श्रीवास्तव प्रोडक्शन कृत फिल्म मैं तुम और हमारी शादी का फर्स्ट लुक आज रिलीज हो गया है। मैं तुम और हमारी शादी पारिवारिक और सामाजिक फिल्म है। इस फिल्म के निर्माता- निर्देशक अजय श्रीवास्तव है, जिन्होंने बताया कि यह फिल्म बेहद खास होने वाली है। इसमें एक दिल छू लेने वाली कहानी दर्शकों के सामने होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक को देखकर भी अंदाजा लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि फ्रेश पटकथा पर आधारित इस फिल्म में एंटरटेनमेंट के हर पहलू मौजूद है, जो दर्शकों को पैसा वसूल इंटरटेनमेंट देंगे। फिल्म बेहद भव्य होने वाली है। इसलिए हम सिने प्रेमियों से ही आग्रह करेंगे कि जब भी फिल्म रिलीज हो आप इसे अपने दोस्तों के साथ जाकर सिनेमाघरों में देखें।

इस फिल्म के फर्स्ट लुक में अभिनेता अनूप अरोरा और अभिनेत्री संजुक्ता राय की केमिस्ट्री उभर कर सामने आ रही है। फिल्म के पोस्टर दोनों एक खेत के बीच में नजर आ रहे हैं।

मैं तुम और हमारी शादी के सह निर्माता कुलदीप सहाय एवं अमर दीप श्रीवास्तव हैं। संगीतकार छोटे बाबा और गीतकार छोटु यादव एवं सुमीत सिंह चन्द्रवंशी हैं। कथा अजय श्रीवास्तव और पटकथा एवं संवाद सुरेंद्र मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा का है। छायांकन मनोज सिंह एवं नित्यानंद त्रिपाठी का है। नृत्य राम देवन है। कला सौरभ मिश्रा है। पार्श्व संगीत मनोज सिंह और कार्यकारी निर्माता धनजंय सिंह सह निर्देशक विनय सिंह हैं।

हिन्दी सिनेमा में फिर काम कर सकते हैं पाक कलाकार, हाईकोर्ट ने बैन लगाने से किया इंकार

मुम्बई/एजेन्सी

सिनेमा प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अब पाकिस्तानी आर्टिस्ट भारतीय फिल्मों और वेबसीरीज में काम कर सकेंगे। गौरतलब है कि साल 2016 में उरी हमले के बाद भारत में पाकिस्तानी कलाकारों के काम करने पर बैन लगा दिया गया था। दरअसल मंगलवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में एक सिनेवर्कर की पाकिस्तानी आर्टिस्टों पर बैन लगाने की मांग को लेकर दायर की गई याचिक पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी पेटिशन में भारतीय सितारों के पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम ना करने की अपील की थी। हालांकि इस सुनवाई के दौरान बॉम्बे हाईकोर्ट ने जो फैसला सुनाया, उसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया। बॉम्बे हाईकोर्ट में इस याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुनील बी शुक्रे और न्यायमूर्ति फिरदोश पी पूनीवाला ने याचिका को खारिज कर दिया और साथ ही कहा कि याचिका में योग्यता नहीं है और उन्होंने पाया कि भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक सकारात्मक कदम उठाया है।

फिल्म 'आसरा' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता रितेश पांडेय की आने वाली फिल्म आसरा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म आसारा का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस फिल्म में रितेश पांडेय, अवधेश मिश्रा और सपना चौहान मुख्य भूमिका में है।इस फिल्म के निर्देशक आनंजय रघुराज है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि आसरा एक ऐसी कहानी पर बनी फिल्म है जो दर्शकों को इमोशनली अपनी और खींचेगी। इस फिल्म को कोई भी दर्शक अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर देख सकता है। फिल्म का पैमाना काफी बड़ा है और जल्दी हम इसे रिलीज भी करने वाले हैं। तब तक मैं अपने भोजपुरी के दशकों से अपील करूंगा कि वह इस फिल्म के ट्रेलर को देखें और अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करें।

रितेश पांडेय ने कहा कि आसरा जैसी फिल्में रोज नहीं बनती और जब बनती है तो वह दिल को छू जाती है, इसलिए मैं बस भोजपुरी मूवी लवर्स इतना ही कहना चाहूंगा कि इस फिल्म को आप खूब प्यार और आशीर्वाद दें, क्योंकि यह आपकी फिल्म है इसलिए इसको हिट करने की जिम्मेवारी आपकी भी बनती है। फिल्म आसरा के निर्माता रत्नाकर कुमार, निर्देशक अनंजय रघुराज और सह-निर्माता निवेदिता कुमार हैं।फिल्म की कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है और फिल्म के संगीतकार रजनीश मिश्रा, सजन मिश्रा, शुभम तिवारी है, जबकि गीतकार रजनीश मिश्रा आशुतोष तिवारी शुभम सिग्रीवाल और दुर्गेश हैं। एक्शन प्रदीप खड़का और दिनेश यादव का है जबकि कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी, दिलीप मिस्त्री, मनोज गुप्ता और महेश आचार्य हैं। फिल्म में रितेश पांडेय, सपना चौहान और अवधेश मिश्रा के साथ-साथ नेहा पाठक, मनोज टाइगर, अनीता रावत, साहिल सिद्दीकी, महेश आचार्य, संदीप यादव, संजीव मिश्रा रंभा साहनी और स्वस्तिका राय हैं।

ओटीटी पर आएगी 'चंद्रमुखी-2'

मुम्बई/एजेन्सी

कंगना रनौत के घर बीते दिन ही खुशियां आई है। वो बुआ बनी हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर कर फैंस को इसकी जानकारी दी थी। ऐसे में एक्ट्रेस के फैंस के लिए एक और खशुखबरी सामने आ रही है कि हाल ही में उनकी रिलीज की गई फिल्म 'चंद्रमुखी-2' के ओटीटी पर रिलीज का ऐलान कर दिया गया है। फिल्म सिनेमाघरों में खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। इसे लोगों से मिला-जुला रिस्पांस मिला था। इसमें उनके अपोजिट साउथ के सुपरस्टार राघव लॉरेंस को देखा गया था।

ओटीटी पर अक्सर फिल्मों को रिलीज होने में थोड़ा वक्त लगता है। मगर, बीते कुछ समय से देखने के लिए मिल रहा है कि कई फिल्मों को सिनेमाघरों के बाद ही ओटीटी पर भी जगह मिल पा रही है। ओटीटी पर फिल्मों और वेब सीरीज को देखने का क्रेज लोगों में जबरदस्त देखने के लिए मिल रहा है। इसी बीच अब चंद्रमुखी 22 की ओटीटी की रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। फिल्म को सिनेमाघरों में 28 सितंबर, 2023 को रिलीज किया गया था। अब फिल्म को 26 अक्टूबर करे ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। इसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

कंगना रनौत की फिल्म 'चंद्रमुखी 2' बॉक्स ऑफिस असफल साबित हो चुकी है। हालांकि, इससे मेकर्स को काफी उम्मीदें थी लेकिन उन उम्मीदों पर ये खरा नहीं उतर पाई। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर एवरेज प्रदर्शन रहा। सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 40 करोड़ का कलेक्शन किया था। गौरतलब है कि ये साल 2005 आई सुपरस्टार रजनीकांत की हॉरर फिल्म 'चंद्रमुखी' का सीक्वल है।

इसके साथ ही अगर कंगना रनौत की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वो फिल्म 'तेजस' में नजर आने वाली हैं। इसका दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था। मूवी 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें वो इंडियन एयरफोर्स फाइटर पायलट तेजस गिल की भूमिका में नजर आने वाली हैं।

फिल्म के ट्रेलर और टीजर को दर्शकों की ओर से अच्छा खासा रिस्पांस मिला है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि मूवी बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।

गरबा

सूरत में शनिवार देर रात को गरबा उत्सव के दौरान नृत्य प्रस्तुत करते लोग।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

दवाई से ज्यादा महत्व वैद्य का होता है, इसी तरह साधना का जितना महत्व है, उससे भी ज्यादा महत्व साधना कराने वाले का है। नवपद में देव, गुरु, धर्म का समन्वय रहा हुआ है। देवतत्त्व, गुरुतत्त्व, धर्मतत्त्व से मोक्ष जुड़ा हुआ है। साधना मार्ग में गुरु का अत्यंत महत्व बताया गया है। गुरुतत्त्व की यह विशेषता होती है कि वह इस लोक के कई दोषों का निवारण करने वाला समर्थ तत्त्व है, इससे हमारा परलोक भी सुधरता है। गुरु की गाइडलाइन के बिना का कोई मंत्र लाभकारी नहीं होता। सद्गुरु के अलावा परमात्मा की पहचान कोई नहीं दे सकता। कहते हैं सद्गुरु की भक्ति करो तो परमगुरु स्वतः ही मिल जाते हैं।

शांतिविजय जैन विद्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां वेपेरी स्थित शांतिविजय जैन विद्यालय में 21 अक्टूबर को सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रार्थना और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश की भक्तिमय भजनों और आरती के साथ पूजा की गई। प्राचार्या वी. उमा माहेश्वरी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यालय विद्या का मंदिर होता है, यदि हम ईमानदारी, सच्चाई और समर्पण के साथ मेहनत करें तो सरस्वती के साथ हम लक्ष्मी को भी प्राप्त कर सकते हैं। कक्षा छठी से बारहवीं तक की छात्राओं ने अपने भजनों से भक्तिमय समा बाँध दिया।

सचिव और प्रवक्ता डॉ. ज्ञान जैन ने 'विद्यां ददाति विनयं' का अर्थ बताते हुए कहा कि बाह्य ज्ञान के साथ-साथ आंतरिक ज्ञान को भी प्राप्त करना चाहिए।

अध्यक्ष डॉ. पी. गौतम वैद ने कहा कि हमें अपने अंदर की बुराइयों को कम करके जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाना चाहिए साथ ही 13 अक्टूबर को जय गोपाल गरोड़िया विद्यालय में आयोजित अंतरविद्यालय गणित-विज्ञान प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार मिलने पर युगल राठौड़ व जस जैन को पुरस्कार दिए गए।

प्रवासियों को मतदान के लिए पीले चावल बाँटे गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां एक निजी कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश मे आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के लिए पीले चावल बाँटे गए नारायण सेवा संस्थान उदयपुर शाखा तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष डॉ केशरसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में पाली ज़िले के कलेक्टर नमित मेहता ओर मारवाड जंक्शन के उप खण्ड अधिकारी महावीर सिंह जोधा के प्रेरणा स्रोत यह प्रोग्राम रखा गया जिसमें राजस्थान प्रवासीओ को राजस्थान जाकर अपने मतदान करें और लोकतंत्र का हिंसा बने मतदान ही महादान है। सभी प्रवासियों को प्रेरित किया गया जिसमें साथ में पवन कुमार राजपुरोहित, कानसिह चाडवास, नारायण सिंह ठाकुरला, गोपालसिह मनाना, भवानी सिंह चावणडीया, पुखसिंह, सोहनसिंह, अमरसिंह वणदार, बाबुसिह मेहरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

साधना जीवन में सफलता का मूल मंत्र है : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। साधना के बल पर असंभव से असंभव काम को भी संभव किया जा सकता है। रविवार को साहुकारपेट के जैन भवन में महासती धर्मप्रभा ने नवपद की ओली तप करने वाले आराधकों और साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि साधना जीवन में सफलता का मूल मंत्र है। मनुष्य पूरे विधि विधान और श्रद्धा आस्था के साथ मन को स्थिर रखकर साधना करता है। तो वह मनवांछित फल प्राप्त कर सकता है। जीवन में साधना छोटी और बड़ी नहीं होती है, साधना साधना होती है। विधिविधान और ध्यान पूर्वक व्यक्ति आराधना-साधना करता है तो वह मानव भव सार्थक बनाकर आत्मा को उच्चगति दिलवा सकता है। साध्वी स्नेहप्रभा ने श्रीमद उत्ताराध्यय सूत्र के पंचमं अध्याय अज्झयणं अकाममरणिज्यं पाठ का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं से कहा कि संसार मे मनुष्य ने सम्पूर्ण कलाएँ प्राप्त करने बाद अगर उसमे मृत्यु की कला को नहीं जान पाया तो उसकी सम्पूर्ण कलाएं अधूरी रह जाएगी। जन्म का महोत्सव तो संसार के सभी व्यक्ति मनाते है परन्तु मृत्यु को महोत्सव बनाने वाला व्यक्ति ही मानव जीवन को सार्थक बनाकर अपनी आत्मा को मोक्ष दिलवा सकता है। मोह और अज्ञान में जीवन जीने वाला इंसान मृत्यु को महोत्सव नहीं बना सकता है।

सरस्वती पूजन — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

कोयम्बटूर में कोयम्बटूर खरतरगच्छ संघ भवन में आचार्यश्री जिनमणिसूरी के आज्ञानुवर्ती मुनिश्री मुक्तिप्रभसागर, गणिवर्य मुनिश्री मनीषप्रभसागर, मुनिश्री मतिषप्रभ सागर चातुर्मासार्थ विराजित हैं। संतों के सान्निध्य में रविवार को सुबह सरस्वती पूजन का आयोजन हुआ। संतों ने सरस्वती पूजन केमहत्व को समझाया। सबका स्वागत संघ अध्यक्ष सुरेंद्र गोलेछा ने किया संचालन सचिव श्याम सुंदर लूनिया ने किया और धन्यवाद ज्ञापन युवक परिषद के अध्यक्ष प्रकाश बोथरा ने दिया। इस पूजन के लाभार्थी दीपक क्रिएशन परिवार रहा और लाभार्थी परिवार सुनीलकुमार, दीपक कुमार नाहटा, शिल्पा नाहटा का संघ द्वारा सम्मान किया गया। पूरे दिन चले इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों के अलवा बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में युवक परिषद और महिला परिषद ने सहयोग किया।

पानी पीजे छान के और गुरु कीजे जान के : आचार्य देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ में नवपद ओली के तीसरे दिन पूज्य आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि राजा अपने राज्य की रक्षा के लिए अभेद्य किले बनवाता है, ताकि शत्रु के जब आक्रमण करने आए तो किले को देखकर ही लौट जाए। इंसान खाली पड़ी अपनी जमीन के चारों ओर बाउंड्री वॉल बनवाता है, ताकि वह आम लोगों से सुरक्षित रह सके। किसान खेत के चारों ओर मेड़ बनवाता है। जिससे जानवरों से फसल की रक्षा हो सके। इसी प्रकार अध्यात्म पथ का साधक अपने मन, हृदय और जीवन को अनेक प्रकार की शुभ भावनाओं से शुभ विचारों से और शुभ प्रवृत्तियों से अपने जीवन को सुरक्षित रखते है. उन्होंने कहा कि विज्ञान जगत में आश्चर्य भाव की प्रधानता है। धर्म जगत में विस्मय भाव की प्रधानता है। अपने अंत:करण से पूछे कि हमें प्यास पदार्थ की है या परमात्मा की, हमें तड़पन संपत्ति की है या सदगुणों की, हमें तलब सुख पाने की है या आनंद पाने की। जिस प्रकार नदियां सागर में समा जाती है, सभी फूल मुरझा जाते हैं। उसी प्रकार पदार्थ जगत की सारी वृषा, तलब, तड़पन, अतृप्ति में परिवर्तित हो जाती है। जिस तरह मेहंदी पिसाने के बाद भी रंग देती है, चंदन घिसाने के बाद भी सुगंध देता है, उसी प्रकार परमात्म क्षेत्र की तमाम तृषा तलब तड़पन हमें प्रसन्नता देती है। नवपद ओली के तीसरे पद पर विराजित आचार्य पद की महिमा का वर्णन करते हुए वे आगे बोले की जीवन विकास के लिए भारतीय संस्कृति में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका मानी गई है।

गुरु का सान्निध्य, प्रवचन, आशीर्वाद और अनुग्रह जिसे भी भाग्य से मिल जाए उसका तो जीवन कृतार्थता से भर उठता है क्योंकि गुरु बिना न आत्मदर्शन होता है और न परमात्मदर्शन। गुरु भवसागर पार पाने में नाविक का दायित्व निभाते हैं। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिये आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है।

अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखंडों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके। आज नकली, धूर्त, ढोंगी, पाखंडी, साधुसंन्यासियों और गुरुओं की बाढ़ ने असली गुरु की महिमा को घटा दिया है। असली गुरु की पहचान करना बहुत कठिन हो गया है। भगवान से मिलाने के नाम पर, मोक्ष और मुक्ति दिलाने के नाम पर, कुंडलिनी जागृति के नाम पर, पाप और दुख काटने के नाम पर, रोगव्याधियां दूर करने के नाम पर और जीवन में सुख और सफलता दिलाने के नाम पर हजारों धोखेबाज गुरु पैदा हो गये हैं जिनको वास्तव में कोई आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है। जो स्वयं आत्मा को नहीं जानते वे दूसरों को आत्मा पाने का गुर बताते हैं। तरहतरह के प्रलोभन देकर धन कमाने के लिए शिष्यों की संख्या बढ़ाते हैं। जिसके बाड़े में जितने अधिक शिष्य हों वह उतना ही बड़ा और सिद्ध गुरु कहलाता है। मूर्ख भोलीभाली जनता इनके पीछेपीछे भागती है और दानदक्षिणा देती है। ऐसे धनलोलुप अज्ञानी और पाखंडी गुरुओं से हमें सदा सावधान रहना चाहिए। कहावत है कि 'पानी पीजे छान के और गुरु कीजे जान के।' सच्चा गुरु ही भगवान तुल्य है।

अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार चेन्नई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। माँ जगदम्बा की नवरात्रि के अष्टमी के दिन सिंधी धर्मशाला के प्रांगण में मां जगदंबा स्वरूपा बालिका परी का आगमन अमृतवाणी सत्संग मंडल में हुआ। हम सब पर माताजी की कृपा बनी रहे यह सभी भक्तों के लिए सौभाग्य की बात है। माताजी स्वरूपा बालिका परि को मंडल की ओर से चुनड़ी उड़ाई गई। मधु सोनी ने माताजी के भजन चौसठ जोगणी रे भवानी, देवलिये, रमजाए भजन गाकर माता को रिझाया। मंडल के सदस्य अरविन्दकुमार दाधीच ने बताया कि अमृतवाणी पाठ के बाद सभी भक्तों ने सामूहिक आरती की। सभी को प्रसाद वितरण किया गया। मंडल में मुकुंद चांडक, अशोक जोशी, कमल चांडक, बद्री सोनी, राजेंद्र भट्टड़, राजेंद्र भूतड़ा, संतोष मालपानी, अशोक गौड़, प्रेमलता चांडक, ममता शर्मा सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

सद्गुरु की भक्ति करो तो परमगुरु स्वतः ही मिल जाते हैं : आचार्य उदयप्रभसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केशरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी ने कहा कि हमें नवपद के तीसरे दिन आचार्य पद की आराधना करनी है। उन्होंने कहा दवाई से ज्यादा महत्व वैद्य का होता है, इसी तरह साधना का जितना महत्व है, उससे भी ज्यादा महत्व साधना कराने वाले का है। नवपद में देव, गुरु, धर्म का समन्वय रहा हुआ है। देवतत्त्व, गुरुतत्त्व, धर्मतत्त्व से मोक्ष जुड़ा हुआ है। साधना मार्ग में गुरु का अत्यंत महत्व बताया गया है। गुरुतत्त्व की यह विशेषता होती है कि वह इस लोक के कई दोषों का निवारण करने वाला समर्थ तत्त्व है, इससे हमारा परलोक भी सुधरता है। गुरु की गाइडलाइन के बिना का कोई मंत्र लाभकारी नहीं होता। सद्गुरु के अलावा परमात्मा की पहचान कोई नहीं दे सकता। कहते हैं सद्गुरु की भक्ति करो तो परमगुरु स्वत: ही मिल जाते हैं। गुरु हमें जैन शासन से मिले और जैन शासन बनाने वाले परमात्मा है। सद्गुरु की सेवा से सद्गति और सुमति मिलती है।

उन्होंने कहा जीवन में बुरा करके कभी हंसना नहीं, अच्छा करके कभी रोना नहीं। कर्मों के द्वारा दिए दुःख में कभी ज्यादा हस्तक्षेप नहीं करना। दुःख को सहन करने की ताकत धर्मदृष्टि से मिलती है। गुरु व्यक्ति के नाम, प्रसिद्धि को देखकर नहीं बल्कि उसकी दशा देखकर गाइडलाइन देता है। सद्गुरु मिलने से पूर्व भवों के पाप कट जाते हैं। निकट मोक्षगामी आत्मा के लक्षण यह है कि उसे धर्म श्रवण करने की इच्छा होती है और दुःखों के काल में भी वह धर्म का विस्मरण नहीं करता है। उन्होंने कहा जीवन में ज्यादा विघ्न आए, तो काउसग्ग करना। यदि सत्व जबरदस्त है, तो पुण्य तत्काल खिलता है। किया हुआ भावधर्म कभी निष्फल नहीं जाता है। उसका तत्काल फल भले ही मिले या न मिले, यह अलग बात है। सम्यकदृष्टि वाली आत्मा धर्म को नहीं, खुद को रखकर धर्म की रक्षा करती हैं। उन्होंने कहा अपनी प्रशंसा करने वालों को कभी पास में नहीं रखना चाहिए। अपनी निंदा करने वालों को अवश्य पास में रखना चाहिए। प्रसन्नता की अवस्था में कोई बीमारी टिकती नहीं है। प्रवचन के दौरान प्रभवविजयजी एवं मणिप्रभ दादा की पुण्यतिथि के मौके पर उनका गुणानुवाद हुआ।

आचार्यश्री का आगामी चातुर्मास कोयम्बतूर में

गच्छाधिपति आचार्य उदयप्रभ सूरीश्वरजी का 2024 का चातुर्मास कोयम्बतूर और आचार्य युगोदयप्रभ सूरीश्वरजी का आगामी चातुर्मास चेन्नई के नॉर्थ टाऊन बिन्नी जैन संघ में होना निश्चित हुआ है। प्रवचन के दौरान आरएसपुरम शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन संघ और बिन्नी जैन संघ के पदाधिकारी एवं ट्रस्टियों ने उपस्थित होकर आचार्यश्री से चातुर्मास हेतु विनंती की। उनकी भावनाओं को देखकर आचार्यश्री ने चातुर्मास की अनुमति दे दी।

संयुक्त खेल दिवस खेल मिलाप 2023 के रूप में मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां एस.एस.जैन एजुकेशनल सोसायटी के चार स्कूल, श्री अमोलकचंद गलाडा जैन हायर सेकेंडरी और प्राइमरी स्कूल, साहूकारपेट, श्री मांगीचंद भंडारी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल, टी.नगर, श्री बादलचंद सायरचंद चोरडिया जैन विद्यालय मैट्रिकुलेशन स्कूल, साहूकारपेट और श्री ताराचंद गलाडा जैन विद्यालय मैट्रिकुलेशन स्कूल, टी.नगर ने रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपना संयुक्त खेल दिवस खेल मिलाप 2023 के रूप में मनाया था। तमिलनाडु सरकार के धर्मार्थ बंदोबस्ती मंत्री शेखर बाबू मुख्य अतिथि थे। डॉ. आरती अरुण सम्मानित अतिथि थीं। सोसायटी के अध्यक्ष पदमचंद चोरडिया, मुख्य सचिव अभय श्रीश्रीमल जैन, संयुक्त सचिव कैलाश चोरडिया, ए.जी.जैन प्राइमरी और हायर सेकेंडरी स्कूल के संवाददाता गौतमचंद गोठी और सचिव उत्तमचंद बोहरा, एम.बी.जैन स्कूल के संवाददाता किशन श्रीश्रीमाल, सचिव निर्मल नाहर, बी.एस.सी.जैन विद्यालय के संवाददाता अजय चोरडिया, सचिव सुरेश चोरडिया, टी.जी.जैन विद्यालय के संवाददाता विजय नाहर और सचिव प्रकाश गलाडा और चेन्नई कॉर्पोरेशन के काउंसलर राजेश जैन 'रंगीला' उपस्थित थे। स्वागत भाषण निर्मल नाहर ने दिया और अजय चोरडिया ने चारों स्कूलों की वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्रों ने भव्य रंगारंग मार्चपास्ट किया और खेल चैंपियनों ने ओलंपिक मशाल जलाई। खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा के बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और विजेताओं को ट्रॉफी और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

सेलम के गुजराती समाज मंडपम में नवरात्रि रास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेलम। यहाँ फाईव रोड्स के पास स्थित गुजराती समाज मंडपम में नवरात्रि के अवसर पर रोजाना रात को माता की आरती उपासना के पश्चात शानदार डीजे संगीत पर डांडिया एवं गरबा नृत्य रास होता है। इस आनंदमय भक्ति समारोह में न केवल गुजराती समाज के भाई बहन बल्कि उनके आतिथ्य सौजन्य से न्यूनतम शुल्क पर अनेक हिन्दीभाषी समाज से मातारानी के भक्तजन झूम-झूम कर डांडिया एवं गरबा नृत्य करते हैं।

संजय पटेल ने बताया कि समाज के द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लिए नृत्य प्रतियोगिता भी रखी जाती है जिसमें डांडिया गरबा नृत्य के साथ साथ पारंपरिक गुजराती वेशभूषा के आधार पर भी निर्णायकों द्वारा मुल्यांकन किया जाता है। सेलम गुजराती समाज के अध्यक्ष श्री राकेश पटेल के अनुसार कोरोना के उपरांत इस साल नवरात्रि समारोह को काफी अच्छा रेस्पांस मिल रहा है और आस्ट्रेलिया आदि से भी सदस्य इस वर्ष नवरात्रि मनाने अपने परिवार के साथ सेलम में सम्मिलित हुए हैं। महिला मंडल से मिनल पटेल, श्रद्धा पटेल आदि को अन्य सभी जैन, अग्रवाल, महेश्वरी, सीरवी समाज आदि से संभागी बहनों का स्वागत करते देखा गया। कोषाध्यक्ष दिपक पटेल के अनुसार शनिवार को श्रद्धालुओं का आंकड़ा दो सौ के पार चला गया जो लोगों के अंदर नवरात्रि समारोह को लेकर उमंग और उत्साह को दर्शाता है। पुर्वेश, धर्मेंद्र, किरण, हेमल, नीरज, चिराग आदि ने भीड़ को व्यस्थित करने और कार्यक्रम की भव्यता को बनाए रखने में निरंतर सहयोग दिया है। वरिष्ठ सदस्य यग्नेश भाई कार्यक्रम का संचालन कर रहे थे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.